
# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



# रामलला हुए 'बालकराम', पहले दर्शन के लिए उमड़ी ऐसी भीड़ कि जितने अंदर, उतने ही बाहर

## राम मंदिर में पहले दिन उमड़ा भक्तों का हुजूम, सुरक्षाकर्मियों को नियंत्रित करने में करनी पड़ी मशक्कत

### भीड़ को किया नियंत्रित , सीएम योगी पहुंचे, गृह सचिव, डीजी ने देखी व्यवस्था

*रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दूसरे दिन मंगलवार को उनका नामकरण भी हो गया। रामलला को बालक राम नाम दिया गया है। उनकी एक झलक पाने राममंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब दिखाई दिया। मंगलवार को पहले ही दिन करीब साढ़े तीन लाख श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए और इतने ही रामभक्त इंतजार में खड़े रहे। इधर, भीड़ नियत्रंण के लिए अयोध्या में आने वाली बसों को कुछ देर के लिए रोक दिया गया है। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, गृह सचिव और डीजी अयोध्या में मौजूद रहे।*

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

अयोध्या में नवनिर्मित राममंदिर में रामलला की नई मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के एक दिन बाद मंगलवार को जनता के लिए मंदिर के कपाट खोल दिए गए। मंदिर में दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा और उन्हें नियंत्रित करने के लिए सुरक्षाकर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। अनेक दर्शनार्थी सोमवार देर रात से ही कतार में लग गए थे। राम मंदिर के कपाट आम जनता के लिए मंगलवार सुबह खुल गए। दिन चढ़ने के साथ भीड़ भी बढ़ने लगी और लोग मुख्य प्रवेश द्वार की ओर बढ़ने लगे। भगवान राम के चित्र वाले झंडे लेकर और जय श्री राम के नारे लगाते हुए भक्त प्राण प्रतिष्ठा समारोह सम्पन्न होने के तुरंत बाद ▶▶ शेष पेज 5 पर

### प्रशासन ने अपनी सूझबूझ से किया भीड़ को नियंत्रित

अयोध्या मंदिर की ओर आने वाले सभी रास्ते कुछ देर के लिए बंद कर दिए गए थे। मंदिर की ओर आने वाले रास्तों को चार से पांच किमी पहले प्रशासन ने भीड़ नियंत्रण के लिए इंतजाम किए। इसके बाद भी व्यवस्था संभली।

### मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास की अपील- धैर्य बनाए रखें

अयोध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास बोले, मैं सभी भक्तों को आश्वस्त करता हूं कि वे रामलला के दर्शन कर सकेंगे, दर्शन लगातार जारी है। मैं श्रद्धालुओं से धैर्य बनाए रखने की अपील करता हूं।



### रामलला के विग्रह का नाम होगा 'बालक राम'

अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा की गई रामलला की मूर्ति को 'बालक राम' के नाम से जाना जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह से जुड़े एक पुजारी अरुण दीक्षित ने बताया कि इस विग्रह का नाम 'बालक राम' इसलिए रखा गया है क्योंकि भगवान पांच वर्ष के बच्चे के रूप में खड़ी मुद्रा में स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि भगवान राम की मूर्ति, जिसका अभिषेक 22 जनवरी को किया गया था, का नाम 'बालक राम' रखा गया है। भगवान राम की मूर्ति का नाम 'बालक राम' रखने का कारण यह है कि वह एक बच्चे की तरह दिखते हैं, जिनकी ▶▶| शेष पेज 5 पर

राम मंदिर बनने से उत्साहित हैं भक्त

### ठंड की भी परवाह नहीं करते रामभक्त

कड़ाके की ठंड में भव्य मंदिर के कपाट खुलने से घंटों पहले से इंतजार करते रहे। पंजाब से आए भक्त मनीष वर्मा ने कहा, बहुत खुशी महसूस हो रही है, मेरे जीवन का उद्देश्य पूरा हो गया है। हमारे पूर्वजों ने इसके लिए संघर्ष किया और अब इसे साकार किया गया है। व्यवस्था इसी तरह जारी रहनी चाहिए और भगवान राम का नाम युगों-युगों तक कायम रहना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में सोमवार को अयोध्या स्थित मंदिर में रामलला की नई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मोदी ने इस मौके को एक नए युग के आगमन का प्रतीक करार देते हुए लोगों का मंदिर निर्माण से आगे बढ़कर अगले 1000 वर्षों के मजबूत, भव्य और दिव्य भारत की नींव रखने का आह्वान किया।

दर्शन के लिए कर दी


## 600 किमी की साइकिल यात्रा




भीड़ में बिहार के मधेपुरा जिले के नीतीश कुमार भी शामिल थे, जो 600 किलोमीटर से अधिक साइकिल चलाकर अयोध्या पहुंचे। उन्होंने कहा, बहुत भीड़ है लेकिन मुझे उम्मीद है कि मुझे आज दर्शन करने का मौका मिलेगा। मेरी इच्छा पूरी होने पर मैं वापस अपनी यात्रा शुरू करूंगा। हालांकि, मैं सोमवार को मंदिर नहीं जा सका। इसके अलावा भी बिहार से कई युवक साइकल से अयोध्या पहुंचे और भगवान श्री राम के दर्शन किए। हालांकि कुछ लोग को देर से दर्शन मिले।

### पहली उड़ान से अयोध्या पहुंचे अनुराग

राजस्थान के सीकर के अनुराग शर्मा को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन मंदिर की प्रतिकृति लेकर घूमते देखा गया। उन्होंने कहा, मैं इस मॉडल को अपने गृहनगर से साथ लाया था। मैं पहली उड़ान से अयोध्या पहुंचा और तब से यहीं हूं। मैं रामलला के दर्शन करने के बाद ही वापस जाऊंगा।'



## बिहार के पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर को मिलेगा भारत रत्न



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने का ऐलान किया है। इस संबंध में राष्ट्रपति भवन की ओर से बयान जारी कर ये जानकारी दी गई। कर्पूरी ठाकुर की बुधवार को होने वाली 100वीं जन्म जयंती से पहले उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किए जाने का ऐलान किया गया है। जनता दल यूनाइटेड ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कौन थे कर्पूरी ठाकुर?

कर्पूरी ठाकुर का जन्म समस्तीपुर जिले के पितौझिया गांव में हुआ था। पटना से 1940 में उन्होंने मैट्रिक परीक्षा पास की और स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े थे। कर्पूरी ठाकुर ने आचार्य नरेंद्र देव के साथ चलना पसंद किया। इसके बाद उन्होंने समाजवाद का रास्ता चुना और 1942 में गांधी के ▶▶| शेष पेज 5 पर





विको टरमरिक क्रीम, विश्वास और गुणवत्ता का प्रतीक, हल्दी और चंदन के गुणों से युक्त है। इस में आयुर्वेद और विज्ञान का अनूठा संगम है। हल्दी सदियों से हमारी त्वचा को सुंदरता और चंदन कोमलता प्रदान करते आ रहे हैं। इन्ही गुणों के कारण विवाह के उपलक्ष्य पर, हल्दी रस्म में वर एवं वधू विको टरमरिक क्रीम का प्रयोग कर अपनी त्वचा को और निखार सकते हैं। इसके अलावा विको टरमरिक क्रीम कील, मुँहासे, दाग, धब्बे और रूखापन जैसी समस्याएं दूर करने में सहायता करती है। विको टरमरिक क्रीम त्वचा को कोमलता, अनुपम सुंदरता और सोने जैसा निखार प्रदान करती है।

• Follow us on @viccolabs • Like us on /ViccoLabs
• Shop online at https://viccolabs.com • Customer Care No. 0712-2420890


## नामीबियाई चीता ने तीन शावकों को दिया जन्म

**नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में एक नामीबियाई चीता ने तीन शावकों को जन्म दिया है। कुछ हफ्तों पहले एक अन्य चीता ने तीन शावकों को जन्म दिया था। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने 'एक्स' पर कहा कूनो के नए शावक नामीबियाई चीता ज्वाला ने 3 शावकों को जन्म दिया। इससे कुछ हफ्तों पहले नामीबियाई चीता आशा ने तीन शावकों को जन्म दिया था। उन्होंने पोस्ट में कहा, अग्रिम मोर्चे पर काम करने वाले सभी वन्यजीव योद्धाओं और देशभर के वन्यजीव प्रेमियों को बधाई।



### पीएम मोदी ने लाल किले पर 'पराक्रम दिवस' समारोह में भाग लिया

## 'नेताजी' के सपनों का भारत बनाने को प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार शाम राष्ट्रीय राजधानी स्थित लाल किले पर 'पराक्रम दिवस' समारोह में भाग लिया। स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सेनानियों को समुचित सम्मान देने के उनके दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए 2021 से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जन्मदिन को पराक्रम दिवस के रूप में ▶▶ शेष पेज 5 पर




KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY (KIIT)

Deemed to be University

(Established U/S 3 of UGC Act) 1956, Bhubaneswar, Odisha, India

KIITEE 2024 APPLY NOW

through KIIT Websites

www.kiitee.ac.in/www.kiit.ac.in

No Examination Fee
(Computer Based Online Test)



Ranking & Recognition

16th Among Indian Universities Ranked by NIRF, Govt. of India | A++ Grade Accredited by NAAC | Tier 1 Reaccredited by NBA | THE World University Rankings 2023: 301-400 Computer Science, 401-500 Engineering, 601-800 University Ranking | ABET ABET (US) Accreditation | IET

B.Tech (4 Years) in following branches of Engineering :

Civil, Electrical, Mechanical, Electronics & Telecommunication, Electronics & Computer Science, Electronics and Electrical, Aerospace, Mechatronics, Mechanical (Automobile), Chemical, Computer Science, Information Technology, Computer Science and System, Computer Science and Communication

ACADEMIC PROGRAMMES AVAILABLE

Bachelor's Programmes

- B. Design (Automobile/Graphic/Product) (4 Years)
- B.Tech & M.Tech-Biotechnology (5years)
- B. Arch. (5years)
- B. Tech. ( Lateral Entry) (3years)
- BCA (3years)
- BBA (3years)
- Bachelor of Design (Fashion / Textile) (4years)
- Bachelor of Film & Television Production(3years)
- BA.LL.B / BBA LL.B / B.Sc. LL.B (5years)
- Bachelor of Communication & Journalism(3years)
- BA in Economics (Hons)(4years)
- BA in Sociology (Hons)(4years)
- BA in English (Hons)(4years)
- B.A. in Psychology (Hons)(4years)
- B.Com (Hons)(4years)
- B.Sc. Computer Science (4years)
- B.Sc. Nursing (4years)
- B. Pharma (4 years)
- D.Pharma (2 Years)

Master's Programmes

- M.Tech. (2years)
- LLM(2years)
- MCA (2years)
- M.Sc Biotechnology (2years)
- M.Sc. Applied Microbiology(2years)
- M. Arch(2years)
- Int. M.Tech & Ph.D(5years)
- Master of Communication & Journalism(2years)
- Master in Sports & Yogic Sciences (2years)
- Master of Hospital Administration (2years)
- Master of Public Health (2years)
- M. Design (2 Years)
- M.Sc. Computer Science(2years)
- MA in Economics (2years)
- MA in Sociology(2years)
- MA in English(2years)
- MA in Psychology(2years)
- MA in Public Policy(2years)
- M.Com (2years)
- M.Sc. in Physics. / Chemistry. / Mathematics & Data Science (2years)
- M.Sc. Nursing (2years)
- Ph.D

CAMPUS PLACEMENT 2023 HIGHLIGHTS

750 + companies

6200+ Job Offers

₹63LPA Highest Salary Offered

2000+ paid internship opportunities

Director, Admissions : Admission Cell, Koel Campus, Po- KIIT, Bhubaneswar-751024, Odisha, India, Ph: 8080 735 735, Fax : 0674 - 2741465, Email: admission@kiit.ac.in, Website: www.kiitee.ac.in

KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.

# करावल नगर: 50 रुपये के लालच में गंवा दिये 15 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी जिले के करावल नगर में रहने वाले एक शख्स ने 50 रुपये कमाने के लालच में आकर 15 लाख 20 हजार रुपये गंवा दिये। शिकायत पर साइबर पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार 31 वर्षीय करण के पास अंजान नंबर से एक मैसेज आया था, जिसमें पार्ट टाइम जॉब करने का ऑफर दिया गया था। मैसेज भेजने वाले ने अपना नाम सपना बताया। करण ने जब सपना से पूछा कि जॉब में काम क्या करना होगा तो उसे कुछ ऑनलाइन टास्क पूरे करने के लिये कहा गया। उससे कुछ वीडियो लाइक करने का टास्क दिया। एक लाइक के बदले 50 रुपये देने का झांसा दिया गया था। करण इस आसान काम के लिये तुरंत तैयार हो गया। उसने तीन वीडियो लाइक करने पर 150 रुपये अपने अकाउंट में प्राप्त भी कर लिये। इसके बाद करण को टेलीग्राम ग्रुप पर जोड़ा गया। वहां पर उसे निवेश करके और ज्यादा रुपये कमाने का लालच दिया गया। करण ने आरोपियों के झांसे में आकर निवेश करना शुरू किया तो जालसाजों ने उसे ऑनलाइन ही लाखों का फा य दा दिखाना शुरू किया। करण ने बिना सोचे समझे लाखों रुपये निवेश कर दिये। बाद में रकम निकासी के लिये भी रुपये मांगे गये। 15.20 लाख रुपये फंसाने के बाद करण ने आगे रुपये देने से इंकार कर दिया तो उससे संपर्क तोड़ दिया गया। ठगी का एहसास होने पर करण ने बीते माह की 12 दिसंबरको पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी। पुलिस ने शिकायत की शुरुआती तफ्तीश के बाद अब केस दर्ज किया है। पुलिस ठगों तक पहुंचने के लिये बैंक विवरण खंगालने में जुटी है।



## ग्राहक सेवा के बहाने झारखंड में बैठकर देशभर में ठगी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शाहदरा जिले की साइबर पुलिस ने देवघर, झारखंड से दो ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी ग्राहक सेवा के बहाने लोगों को चूना लगाते थे। बाद में ठगी की रकम देवघर में एटीएम से नि का ली जाती थी। पुलिस का कहना है कि आठ नेशनल शिकायतें इस रैकेट से जुड़ी पाई गई है। इनके बैंक खातों में 15 लाख के मनी ट्रेल का पता चला है। आरोपियों के पास से तीन मोबाइल फोन, दो एटीएम कार्ड और पांच हजार रुपये नकद बरामद हुये। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार दोनों जालसाजों के नाम मुस्तकीम अंसारी और मोहम्मद रिजवान निवासी देवघर है। गत वर्ष नौ अगस्त को राजन कौल नामक महिला ने साइबर पुलिस स्टेशन साउथ-वेस्ट में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि गूगल पर पंजाब नेशनल बैंक का ग्राहक सेवा नंबर खोजा था। एक वेबसाइट पर मिले मोबाइल नंबर पर कॉल किया। कथित व्यक्ति ने उसे रस्ट डेस्क एप डाउनलोड करने की सलाह दी। इसके बाद उसके खाते से 5 लाख 45 हजार रुपये डेबिट हो गए। जांच के दौरान, संबंधित बैंकों से कथित लेनदेन के लाभार्थी विवरण मांगे गए। उनका विश्लेषण करने पर पता चला कि ठगी गई रकम यूपी और एमपी के अलग अलग बैंक खातों में पहुंची थी। रकम झारखंड के देवघर स्थित एटीएम से निकाली गई थी। पुलिस टीम ने झारखंड में संभावित ठिकानों पर छापेमारी की। इसके बाद दोनों जालसाजों को अरेस्ट कर लिया गया। आरोपी गूगल पर विज्ञापन चलवाकर ग्राहक सेवा के बहाने धोखाधड़ी करते थे। इसके लिये अलग-अलग राज्यों से बैंक खाते खरीदे या कमीशन पर लिये जाते थे।

## वांटेड बदमाश दबोचा

**नई दिल्ली।** हत्या के प्रयास केस में वांछित एक शातिर लुटेरे को मोती नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसे राजू नाम के शख्स को गोली मारने के आरोप में पकड़ा गया है। आरोपी लूट, चोरी और झपटमारी के भी कई मामलों में शामिल बताया जाता है। इसके पास से तीन चोरी के वाहन एवं एक देशी कट्टा बरामद हुआ है। गिरफ्तारी से कुल 10 मामले सुलझाने का दावा पुलिस ने किया है। डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार मोती नगर पुलिस के हत्थे चढ़े बदमाश का नाम यश (20) है। इसने दुश्मनी के चलते राजू नामक व्यक्ति को गोली मारी थी। घायल सौभाग्य से बच गया था। गोली उसकी जांघ में लगी थी। फिर इसने ऑटो चोरी किया। बाद में दुपहिया वाहन चोरी के साथ साथ लूट व झपटमारी भी शुरू कर दी। गिरफ्तारी के समय इसके पास से बरामद हुई मोटरसाइकिल तिलक नगर से चोरी हुई पाई गई। बाद में थाना रूप नगर और थाना साउथ कैंपस से चोरी की गई दो और बाइक बरामद हुई। आरोपी ने पूछताछ में अपने साथी का नाम अंकित उर्फ शूटर बताया है। अंकित और चोरी की संपत्ति के रिसीवर अरुण की गिरफ्तारी के प्रयास पुलिस कर रही हैं।

# दिल्ली लिटरेचर फेस्टिवल में खूब जमा रंग, कविता सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रोता




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली लिटरेचर फेस्टिवल के 12वें संस्करण का आयोजन इंडिया हैबिटेट सेंटर में हुआ। तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन कवयित्री सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रशासनिक अधिकारी निरुपमा कोटरू अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रही, अमित शर्मा ने प्रस्तुति की और शिक्षाविद डॉ. आमना ने सत्र को क्यूरेट किया। निरुपमा कोटरू ने सर्दी के मौसम, प्रो. चारू कपूर रामजस कॉलेज ने प्रदूषण के संदर्भ में अमलतास, पत्रकार केतकी नायक ने माता और पिता की भावनाओं, और मां के जीवन का अद्भुत वर्णन किया। अनुराधा पांडे ने श्रृंगार रास, तनवी ने मंडाला कला में कविता के विचार, और कविता कबीरा भी उपस्थित थीं। श्रोताओं ने सभी कवयित्रियों की सराहना की। केतकी नायक ने खूब तालियां बटोरी। साहित्य उत्सव की टीम भारती भार्गव, मीनू अग्रवाल, रमा पांडे ने इस अवसर को सुचारू बनाने के लिए महत्ती योगदान दिया।

## अवैध हथियार के साथ तीन डकैत चढ़े सीमापुरी पुलिस के हत्थे

**नई दिल्ली।** सीमापुरी पुलिस की क्रैक टीम ने तीन डकैतों को पकड़ा है। इनके पास से एक पिस्तौल, दो कारतूस, एक चाकू (खुखरी), लूटे गए 6130 रुपये आदि सामान बरामद हुआ है। बदमाशों के नाम तोशिफ उर्फ तोशिब, साजिद उर्फ तोता, कमरूद्दीन उर्फ तकी है। पुलिस के अनुसार 18 जनवरी को कुछ लुटेरों द्वारा पिस्तौल और चाकू के बल पर रुपये, जूलरी और मोबाइल फोन लूट लिया था। बदमाशों तक पहुंचने के लिये कई टीमों का गठन किया गया था। एसीपी सीमा पुरी मुकेश वालिया और इंस्पेक्टर विनय यादव के नेतृत्व में क्रैक टीम द्वारा लगभग 50 सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। पता चला कि बदमाशों ने अपनी पहचान छुपाने के लिए सफेद प्लास्टिक के कट्टे पहने हुये थे। आखिर में एक आरोपी की पहचान तोशिफ उर्फ तोशिब के रूप में हुई। न्यू सीमापुरी झुग्गियों में आरोपी के संभावित ठिकानों पर छापेमारी की गई और उसे पकड़ लिया गया। उसके पास अवैध पिस्तौल और दो राउंड मिलें। इससे पूछताछ के बाद दो अन्य आरोपियों साजिद और कमरुद्दीन को भी गिरफ्तार कर लिया गया। अपराध में प्रयुक्त प्लास्टिक के कट्टे भी बरामद हुये हैं। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार केस की एफआईआर में डकैती की धारा भी जोड़ी गई है।

## वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए यातायात पुलिसकर्मी रहे तैनात

# गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल के कारण राजधानी में यातायात रहा प्रभावित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




गणतंत्र दिवस परेड के लिए 'फुल ड्रेस रिहर्सल' के कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित होने के कारण मंगलवार को मध्य दिल्ली में इंडिया गेट के पास सैंकड़ों यात्री घंटों जाम में फंसे रहे। कृषि भवन के पास सी-हेक्सागन, अशोक रोड और रफी मार्ग पर भी यातायात प्रभावित हुआ। इन मार्गों पर वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए यातायात पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था।

बाहरी रिंग रोड और प्रगति मैदान सुरंग, सराय काले खां, आईटीओ के पास भी यातायात प्रभावित हुआ। वाहन चालकों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी परेशानी हुई और कई लोग अपने गंतव्य तक देरी से पहुंचे। दक्षिण दिल्ली से कनॉट प्लेस आ रही एक महिला ने कहा कि वह कर्तव्य पथ के पास भारी यातायात जाम में फंस गई। उन्होंने कहा कि कनॉट प्लेस पहुंचने में मुझे लगभग 20 मिनट लगते थे लेकिन आज मुझे लगभग 35 से 40 मिनट लग गए। कुछ यात्रियों ने कहा कि केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन के प्रवेश और निकास द्वार पर लंबी कतारें थीं क्योंकि कई लोगों ने जाम से बचने की कोशिश में मेट्रो से यात्रा को तरजीह दी। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को परामर्श जारी कर लोगों को फुल ड्रेस रिहर्सल के मद्देनजर मध्य दिल्ली में कई सड़कों के बंद होने की जानकारी दी थी। रिहर्सल सुबह साढ़े 10 बजे विजय चौक से शुरू हुई और कर्त्तव्य पथ, सी-हेक्सागन, तिलक मार्ग, बहादुर शाह जफर मार्ग और नेताजी सुभाष मार्ग से होते हुए लाल किले पर समाप्त हुई। परेड के सुचारू संचालन के लिए सोमवार शाम छह बजे से विजय चौक से इंडिया गेट तक कर्तव्य पथ पर यातायात की आवाजाही रोक दी गई है। मंगलवार को रिहर्सल के बाद यह मार्ग फिर से खुल जाएगा। सोमवार को जारी की गई सलाह के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में 15 फरवरी तक पैराग्लाइडर, पैरामोटर्स, हैंग ग्लाइडर, ड्रोन, गर्म हवा के गुब्बारे अथवा विमान से पैरा जंपिंग जैसी गतिविधियां प्रतिबंधित हैं। परामर्श में वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और चौराहों पर तैनात कर्मियों के निर्देशों का पालन करने का अनुरोध किया गया है।

### गणतंत्र दिवस परेड पर बारिश का साया नहीं!

**हरिभूमि. नई दिल्ली।** इस बार गणतंत्र दिवस पर बारिश का साया नहीं है। यानी परेड के दौरान लोगों को बारिश की मार नहीं पड़ेगी। लेकिन घने कोहरा और कड़ाके की ठंड की मार सहनी पड़ेगी, जिसकी प्रबल संभावना है। परेड में देश विदेश के नेता, प्रतिनिधि, खिलाड़ी व अन्य गणमान्य लोग मौजूद होते है। परेड में छोटे छोटे बच्चों से लेकर कई राज्यों की झांकियां, सेना के जवान आदि अपने करतब दिखाते है। ऐसे में बारिश की वजह से खलल पड़ता है, जो इस बार नहीं पड़ेगा। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार फिलहाल ऐसा लग रहा है कि गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 को बारिश की संभावना नहीं के बराबर है।


## गुमशुदा की तलाश


अगनू दास

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नामः** अगनू दास, **पुत्रः** स्व. रामकिशन दास, **पताः** मकान नं. डी–1/636, जेजे कॉलोनी, भलस्वा डेरी, दिल्ली, **उम्रः** 60 साल, **कदः** 5'2'', **रंगः** सांवला, **चेहराः** लम्बा, **शरीरः** पतला, **पहनावाः** काले रंग की शर्ट व लुंगी, हरे रंग की शॉल और पैरों में चप्पल पहने है, जो दिनांक 09.01.2024 से अपने घर से लापता है। इस बाबत **DD No. 51A, दिनांकः 10.01.2024, थानाः भलस्वा डेरी, दिल्ली** में दर्ज है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता व्यक्ति के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

**फोनः 011-24368638, 24368641**
**वेबसाईटः http://cbi.nic.in**
**ई–मेलः cic@cbi.gov.in**
**फैक्सः 011-24368639**
**DP/807/ON/2024**

थाना प्रमुख
पुलिस स्टेशनः भलस्वा डेरी, दिल्ली
फोनः 011–27811934, 27811933, 7065036328

## गुमशुदा की तलाश


दीनदयाल

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यह आदमी जिसका नाम **दीनदयाल**, पुत्र हरिशंकर यादव, निवासी डी–75, रामेश्वर नगर, आजादपुर, दिल्ली, जोकि दिनांक 07.01.2024 को दोपहर लगभग 02:30 बजे से अपने घर से लापता है। इस संबंध में **डीडी संख्या 144ए, दिनांक 09.01.2024** को **पुलिस थाना आदर्श नगर, दिल्ली**, में दर्ज की गई है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस लापता आदमी की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया।

इस लापता आदमी का विवरण इस प्रकार है :
**लिंग** : पुरुष, **उम्र** : 21 वर्ष, **कद** : 5'0'', **रंग** : सांवला, **चेहरा** : गोल, **शरीर** : पतला, **पहनावा** : ग्रे स्वेटर, ग्रे शॉर्ट्स।

इस गुमशुदा आदमी के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित को सूचित करें :

**ई-मेल : cic@cbi.gov.in**
**फोन : 011-24368638, 24368641**
**फैक्स : 011-24368639**
**DP/846/NW/2024**

थाना प्रभारी
पुलिस थाना आदर्श नगर, दिल्ली
फोन नं. : 8750870229
ई–मेल : sho-adarshngr-dl@nic.in


# दिल्ली देहात में सैनिक स्कूल खोलने की मांग, प्रतिनिधिमंडल रक्षा मंत्री से मिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पालम 360 पंचायत का एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने रक्षा मंत्री से मांग की कि दिल्ली देहात के अंदर नए सैनिक स्कूल खोले जाएं एवं पहले की तरह सेना की भर्ती के सेंटर भी नजफगढ़ में खोला जाए जिससे न सिर्फ दिल्ली देहात के सभी गांवों को फायदा होगा बल्कि हरियाणा के गावों को भी लाभ मिलेगा। प्रतिनिधिमंडल में पालम 360 के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी के साथ ढांसा 12 के प्रधान चौ खजान सिंह, राव त्रिभुवन सिंह पूर्व प्रधान सुरेहडा 17, प्रीतम डागर पूर्व निगम पार्षद, साहब सिंह ईसापुर, शीशराम प्रधान खड़खड़ी, सतबीर सोलंकी आदि शामिल थे। चौधरी सुरेन्द्र सोलंकी ने बताया दिल्ली के गांवों ने देश के लिए अहम योगदान दिया है अपितु आज भी दिल्ली देहात की अनदेखी हो रही है। दिल्ली देहात के बच्चों को पढ़ने के लिए काफी दूर जाना पड़ता है। सेना में सबसे अधिक भर्ती देहात से ही होती है अगर यहां पर भर्ती सेंटर होगा तो यहां के ग्रामीणों को परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी साथ ही साथ रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। सोलंकी ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जल्द कारवाई करने का आश्वासन दिया।

## जीबी पंत अस्पताल में मनी नेता जी की जयंती



**नई दिल्ली।** जीबी पंत पैरामेडिकल टेक्निकल यूनियन के नेतृत्व में मंगलवार को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई गई। जिसमें नेताजी से संबंधित 'आजादी आंदोलन भूमिका' से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई। अस्पताल के अधिकारी, कर्मियों और आम जनता ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सभा की अगुवाई एनपीएचए दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार और भारतवीर ने की। जिसमें सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों, ठेकेदारी प्रथा, निजीकरण नीति का विरोध, पुरानी पेंशन लागू करने और अनुबंधित कर्मियों को नियमित करने की मांग एकजुट होकर सरकार तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमें नेता जी पदचिन्हों पर चलकर हर तरह के शोषण अत्याचार के खिलाफ आवाज उठानी होगी, जो नेता जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# शाहदरा: मालिक के रुपये हड़पने की साजिश रचने वाला कर्मी धरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शाहदरा पुलिस ने एक शख्स को अपने ही मालिक से विश्वासघात करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। दरअसल आरोपी ने 2.8 लाख रुपये लूट की झूठी कहानी बनाई थी। आरोपी 22 वर्षीय आर्यन के पास से पुलिस ने 2.44 लाख रुपये बरामद भी कर लिये हैं।

डीसीपी सुरेंद्र चौधरी के अनुसार 19 जनवरी को आनंद विहार थाने को एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें कहा गया कि दो बाइक सवार लड़कों ने रुपये छीन लिए हैं। यह पता चलते ही सांई मंदिर श्रेष्ठ विहार, बस स्टैंड के पास पुलिस पहुंची, जहां कॉलर अमन मल्होत्रा ने 2.5 लाख रुपये छीनने की जानकारी दी। उसने बताया कि चार एटीएम कार्ड और 44 हजार रुपये अपने कर्मचारी आर्यन निवासी खिचड़ीपुर को दिए थे। उसे एटीएम से 2 लाख 4 हजार निकालने और फिर पूरी रकम झिलमिल में अपने जीजा को सौंपने को कहा था। एटीएम से उक्त रकम निकालने के कुछ देर बाद आर्यन ने अमन को बताया कि दो बाइकें उसकी स्कूटी का पीछा कर रही हैं। कुछ देर बाद आर्यन का मोबाइल फोन बंद हो गया। शाम लगभग 7 बजे आर्यन घर पहुंचा और बताया कि दो बाइक पर सवार चार लोगों ने उसे साई बाबा मंदिर, श्रेष्ठ विहार के पास रोका। उसके साथ मारपीट की और रुपये छीन फरार हो गये। पूछताछ के दौरान आर्यन की कहानी संदिग्ध लगी, जिसके बाद केस दर्ज कर उससे गहन पूछताछ की गई। आर्यन ने पूछताछ में पूरी कहानी बयां कर दी। इसके बाद सूर्य नगर, गाजियाबाद में उसके रिश्तेदार के घर से 2.44 लाख रुपये बरामद कर लिये गये। केस में आर्यन को अरेस्ट कर लिया गया है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया जहां से आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला निर्वाचन कार्यालय फतेहाबाद | निर्वाचन 2024 फतेहाबाद में सामग्री और लेखन सामग्री (पुनः निविदा)। | 19.01.2024 29.01.2024 | 10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-230146 elt_ftb@yahoo.in |
| 2 | पंचायती राज हिसार | हिसार, ब्लॉक आदमपुर, 5 अदद गांवों में फिरनी पर एलईडी स्ट्रीट लाइट की स्थापना, 1. सदरपुर, 2. सिसवाल, 3. चुली बागड़ियान, 4. काबरेज, 5 आदमपुर + 8 कार्य। | 17.01.2024 06.02.2024 | 426.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज मोरनी, पंचकूला | एचजीवीवाई गांव खानगुआ पिलानी थारकोटि जीपी खोटि ब्लॉक मोरनी में गली का निर्माण + 2 कार्य। | 19.01.2024 25.01.2024 | 21.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416055244 dharambirsai@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव चरखी, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी में चौपाल (तकड़ीवाली) में चारदिवारी और अन्य छोटे-मोटे कार्यों का निर्माण। | 16.01.2024 25.01.2024 | 15.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज फरीदाबाद | जिला फरीदाबाद के 15 गांवों में फिरनियों में नये पोल्स की स्थापना और मौजूदा इलैक्ट्रिसिटी पोल्स पर एलईडी स्ट्रीट लाइट की स्थापना, फिटिंग, परीक्षण और कमीशनिंग। | 19.01.2024 29.01.2024 | 101.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज फरीदाबाद | जिला फरीदाबाद डीपी ब्लॉक बल्लभगढ़ गांव छेंसा में कमरियां मौहल्ला चौपाल का निर्माण + 4 कार्य। | 19.01.2024 25.01.2024 | 59.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प नरवाना | जिला जीन्द, गांव धुमेरखां कलां में हैल्थ वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी-एसएचसी) का निर्माण। | 20.01.2024 08.02.2024 | 40.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9053114455 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज फरीदाबाद | जिला फरीदाबाद, गांव भुआपुर, ब्लॉक तिगांव के कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण + 1 कार्य। | 19.01.2024 25.01.2024 | 15.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | मातनहेल पाइप लिंक ड्रेन के आउटफॉलिंग आरडी 5500 और आरडी 0 से 12100 तक मातनहेल पाइप लाइन लिंक ड्रेन (अंडरग्राउंड एचडीपीई पाइप लाइन के माध्यम से) का निर्माण। | बंद होने की तिथि 30.01.2024 | 103.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | पम्प हाउस जेएफ-II पर रेम्प स्लोप पर नाली में डी.आई. पाइप बिछाना + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 29.01.2024 | 6.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव बोंद खुर्द में गोशाला (मॉडल स्कूल के निकट) में शैड का निर्माण। | 18.01.2024 25.01.2024 | 4.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज बाढड़ा चरखी दादरी | गांव रनिला, ब्लॉक बोंद कलां में गोशाला में (सिंचाई नहर और पीडब्ल्यूडी पिलाना रोड के निकट) टीन शैड का निर्माण। | 18.01.2024 25.01.2024 | 9.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | जिला कुरुक्षेत्र के विभिन्न गांवों में मौजूदा इलैक्ट्रिक्स पोल पर एलईडी स्ट्रीट लाइट की स्थापना। | 15.01.2024 06.02.2024 | 164 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज अम्बाला | वीएएनजीवाई गांव बाड़ा, ब्लॉक अम्बाला-1 रविकांत के मकान से मेन रोड और गुगाहाड़ी से जिले सिंह के मकान तक नाले का निर्माण + 4 कार्य। | 19.01.2024 25.01.2024 | 75.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज भिवानी | गांव ढाणा नरसेन, ब्लॉक भिवानी एसएफसी योजना के तहत राजपूत चौपाल को पूरा करना। | 22.01.2024 29.01.2024 | 4.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416087780 sdoprbhiwani@gmail.com |
| 16 | पंचायती राज पानीपत | जिला पानीपत में 30 अदद गांवों की फिरनी में 1429 अदद स्ट्रीट लाइट्स के प्रावधान हेतु लाइट आकलन। | 18.01.2024 08.02.2024 | 251.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812482004 prexeeng.pnp@hry.nic.in |
| 17 | लोनिवि भ व प करनाल | जिला सोनीपत खरखौदा के लघु सचिवालय में एसडीओ सिविल कॉम्पलैक्स का निर्माण (शेष ईआई कार्य का प्रावधान)। | 23.01.2024 29.01.2024 | 8.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 18 | पंचायती राज करनाल | गांव मोर माजरा, ब्लॉक मुनक, जिला करनाल में आर्य कन्या गुरुकुल के निकट पंचायत भूमि पर चारदिवारी का निर्माण + 1 कार्य। | 19.01.2024 03.02.2024 | 35.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 19 | पंचायती राज खरखौदा सोनीपत | गांव थाना खुर्द ब्लॉक खरखौदा पीएस में नाले का निर्माण + 7 कार्य। | 19.01.2024 25.01.2024 | 69.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818043960 vpnaman2011@gmail.com |
| 20 | पंचायती राज, पंचकूला | गांव हरिपुर, ब्लॉक रायपुर रानी, जिला पंचकूला वीएएनजीवाई योजना के तहत अम्बेडकर भवन का निर्माण + 1 कार्य। | 19.01.2024 25.01.2024 | 13.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467807024 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 21 | पंचायती राज नागपुर, फतेहाबाद | खैरपुर - (गांव खैरपुर, ब्लॉक नागपुर, जिला फतेहाबाद में शौचालय ब्लॉक का निर्माण)। | 22.01.2024 29.01.2024 | 2.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9315405500 sdoprnagpur@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2024/420/24411/I/88/7 दि. 23.01.24

### शैली ओबरॉय ने एमसीडी आयुक्त को लिखा पत्र

# सील दुकानों को जल्द से जल्द डी-सील करने की प्रक्रिया शुरू करें निगमायुक्त : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के आयुक्त ज्ञानेश भारती को सील दुकानों को जल्द से जल्द डी-सील करने की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए ताकि प्रभावित दुकानदारों को राहत मिल सके। इसके लिए हमने निगमायुक्त को पत्र लिखा है। दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने उपमहापौर आले मोहम्मद इकबाल के साथ निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में मंगलवार को आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता में उक्त बातें कही। महापौर ने बताया कि इस पत्र के जरिए एमसीडी आयुक्त को निर्देश दिए हैं कि जल्द से जल्द सभी दुकानों को डी-सील करने की कार्रवाई शुरू की जाए। व्यापारियों की दुकानों को जल्द से जल्द डी-सील कर उनको राहत दी जाए। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का भी वादा है कि व्यापारियों के हित में काम करेंगे। हम इस वादे को पूरा करना चाहते हैं। अब नगर निगम की ज़िम्मेदारी है कि जल्द से जल्द हम इन दुकानों को भी डी-सील कर व्यापारियों को राहत दी जाए। महापौर डॉ. ओबरॉय ने कहा कि एमसीडी में पिछले 15 सालों के भाजपा के शासन में व्यापारियों ने बहुत कुछ सहा है। पिछले 5-6 सालों से दिल्ली के व्यापारियों की दुकानें सील रही। दिल्ली में 9 अलग अलग मार्केट में व्यापारियों की दुकानें सील हो गईं थी। सुप्रीम कोर्ट ने उन सभी को राहत दिलाने के लिए 13 सितंबर 2022 को न्यायिक समिति का गठन किया और अब हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित इस समिति ने 18 दिसंबर 2023 को निर्देश दिए की छह साल पहले सील की गईं सभी दुकानों को डी-सील कर दिया जाए। दिल्ली नगर निगम को इस समिति के माध्यम से जो निर्देश दिए गए हैं उन्हें लागू करना था।



**नगर निगम में सदन सर्वोपरि होता है**

महापौर ने बताया कि दिल्ली नगर निगम में सदन सर्वोपरि होता है। सदन के अलावा किसी के पास शक्ति नहीं है कि किसी भी प्रस्ताव को अस्वीकार कर सके और किसी अधिकारी के पास भी शक्ति नहीं है कि वह सदन से पास की गई नीति या प्रस्ताव को ओवर पावर कर सके। उन्होंने बताया कि जब हम नीति निर्माण की बात करते हैं तब डीएमसी एक्ट में साफ साफ लिखा हुआ है कि जो नीति है वो सदन में पारित की जाती है। कोई भी प्रस्ताव अगर सदन में लाया जाता है उसको पास करने के बाद उन सभी प्रस्तावों को लागू करने की शक्ति आयुक्त और अधिकारियों के पास है।

#### 'दुकानों को डी-सील किया जाना व्यापारियों की अहम जरूरत'

उपमहापौर आले मोहम्मद इकबाल ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित न्यायिक समिति ने सील दुकानों को डी-सील करने के आदेश दिए, जिसके बाद दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार ने तुरंत ही इस आदेश को लागू करने के लिए सदन की विशेष बैठक को बुलाई, ताकि सील दुकानों को जल्द से जल्द डी-सील किया जा सके। दुकानों को डी-सील किया जाना व्यापारियों की अहम जरूरत है। दिल्ली के विभिन्न मार्केट एसोसिएशन के लोगों ने हम से मुलाकात की और हम इस संबंध में प्रस्ताव निगम के विशेष सदन में लेकर आए। इसके बाद दिन प्रतिदिन डी-सीलिंग की प्रक्रिया में विलंब हो रहा है। इसी के मद्देनज़र महापौर ने दिल्ली नगर निगम के आयुक्त को पत्र लिखकर की न्यायिक समिति के आदेश और निगम द्वारा पारित प्रस्ताव के अनुरूप दुकानों को डी-सील करने के आदेश दिए हैं।

#### आयुक्त को दिए गए दो बार निर्देश

महापौर ने बताया कि इस संबंध में पहला रेजोल्यूशन दिल्ली नगर निगम के विशेष सदन में 23 दिसंबर 2023 पास किया गया और आयुक्त को साफ निर्देश दिए गए कि जल्द से जल्द कमेटी के निर्देश का पालन करते हुए इन सभी दुकानों को भी डी-सील कर दिया जाए। इसके बाद 17 जनवरी 2024 को दिल्ली नगर निगम के सदन में दूसरा रेजोल्यूशन पास किया गया। इसके जरिए निगम आयुक्त को दोबारा से निर्देश दिए गए कि जल्द से जल्द व्यापारियों को राहत दी जाए और सभी दुकानों को भी डी-सील कर दिया जाए। महापौर ने बताया कि भाजपा शासित नगर निगम में व्यापारियों ने खून के आंसू रोए हैं व्यापारियों के कारोबार ठप हो गए। उनके परिवार के पालन पोषण के लिए भी बहुत कुछ सहना पड़ा।

## महापौर निगम आयुक्त को पत्र लिखने का रच रही है ढोंग : राजा इकबाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार है उसके बाद भी आम आदमी पार्टी की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय व्यापारियों को राहत नहीं दे पा रही है और अपने दोहरे चरित्र को छुपाने के लिए निगम महापौर निगम आयुक्त को पत्र लिखने का ढोंग रच रही है। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह से मंगलवार को महापौर द्वारा प्रेस वार्ता कर दिए गए बयान का खंडन करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी न्यायिक समिति के आदेश के बावजूद दुकानों को डी-सील न कर पाने की अपनी नाकामी को छुपाने के लिए दिल्ली नगर निगम के उच्च अधिकारियों पर दोषारोपण कर रही है। उन्होंने बताया कि महापौर और आयुक्त दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय में ही बैठते हैं उसके बावजूद महापौर को आयुक्त को पत्र लिखना पड़ रहा है जबकि महापौर आयुक्त को बुलाकर इस संबंध में बात कर सकती हैं।

#### तालमेल नहीं होने से व्यापारियों को उठानी पड़ रही है परेशानी

नेता विपक्ष राजा इकबाल ने बताया कि आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार के कारण निगम अधिकारियों में आपस में तालमेल नहीं है जिसके कारण दुकानें डी-सील नहीं हो पा रही है और व्यापारियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी दुकानों को डी-सील नहीं करना चाहती है और इस बात को छुपाने के लिए यह लोग बार बार नए ढोंग रच रहे हैं। राजा इक़बाल सिंह ने बताया कि आम आदमी पार्टी एक आंदोलन कारी पार्टी है यह लोग डीएमसी एक्ट के अनुरूप कार्य नहीं करना चाहते हैं जिसके कारण सभी विकास के कार्य ठप्प पड़े हुए हैं और कोई नया कार्य नहीं हो पा रहा है जिसका खामियाजा दिल्ली के नागरिकों को उठाना पड़ रहा है।

## दिल्ली सरकार की 'सुगम्य सहायक योजना' से दिव्यांगजन ले सकते हैं सहायक सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग ने हाल ही में विकलांग व्यक्तियों के जीवन को सुगम बनाने के लिए 'सुगम्य सहायक योजना' की शुरुआत की है। इस योजना के माध्यम से विकलांग सहायक सामग्री और उपकरण प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के बारे में हाल ही में समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद ने जानकारी दी। इस योजना के तहत आवेदन करने पर मोटर चलित तिपहिया वाहन भी प्राप्त किया जा सकता है। दिल्ली सरकार ने इस योजना की शुरूआत करने का उद्देश्य बताते हुए कहा कि इस योजना से बेंचमार्क दिव्यांगता से संबद्ध व्यक्तियों की उनके दैनिक जीवन में गतिशीलता को बढ़ाना और सशक्त बनाना तथा विभिन्न आजीविका के अवसरों तक पहुंच प्रदान करना है। वहीं सहायक सामग्री और उपकरणों की टिकाऊ और मानकीकृत गुणवत्ता प्रदान करना जो उन्हें भौतिक वातावरण में बाधाओं से निपटने में सहायता करेंगे। समाज कल्याण विभाग मंत्री राजकुमार आनंद ने हाल ही बताया कि इस योजना के अंतर्गत आवेदन करने वाले दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के अंतर्गत अधिकृत चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र/यूडीआईडी कार्ड के अनुसार बेंचमार्क दिव्यांगता से संबद्ध व्यक्ति (40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता) होना चाहिए। इसके साथ वह दिल्ली का निवासी होना चाहिए। और परिवार की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय-सीमा 8 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही आवेदक को विगत तीन (3) वर्षों के दौरान किसी अन्य राज्य सरकार / संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन या केंद्र सरकार अथवा कोई अन्य स्त्रोत की किसी अन्य योजना से समान वस्तु प्राप्त नहीं करनी चाहिए अथवा न ही समान वस्तु प्राप्त होनी चाहिए। तथापि, 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए, निर्मित उपकरणों पर कोई सीमा लागू नहीं होगी।

#### इन दिव्यांगों को मिलेगी मोटरचालित तिपहिया साइकिल

क्वाड्रिप्लेजिया, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, स्ट्रोक, सेरेब्रल पाल्सी, हेमिप्लेजिया से ग्रसित केवल गंभीर दिव्यांग व्यक्तियों के लिए या कोई अन्य समान स्थिति जहां शरीर के दोनों निचले अंग या शरीर का आधा हिस्सा 80 फीसद या अधिक दिव्यांगता के साथ गंभीर रूप से प्रभावित हो उन्हीं को मोटर चालित तिपहिया साइकिल मिल सकती है। केवल 16 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को सहायता तीन (3) वर्षों में एक बार प्रदान की जाएगी। वहीं मानसिक मंदतावाले 16 वर्ष से अधिक आयु के गंभीर रूप से दिव्यांग व्यक्ति मोटरचालित / बैटरी चालित तिपहिया साइकिल के लिए पात्र नहीं होंगे, क्योंकि यह उन्हें दुर्घटना/ शारीरिक क्षति के गंभीर जोखिम में डाल सकती है।

#### हाथ से चलने वाली तिपहिया साइकिल

जिन दिव्यांगों की दिव्यांगता 80 प्रतिशत से अधिक नहीं है उन्हें तिपहिया साइकिल तीन (3) वर्षों में एक बार प्रदान की जाएगी। आवेदक द्वारा इस प्रकार की सहायता न लेने की वचनबद्धता दी जाए। मानसिक मंदता वाले गंभीर रूप से दिव्यांग व्यक्ति तिपहिया साइकिल के लिए पात्र नहीं होंगे, क्योंकि यह उन्हें दुर्घटना/शारीरिक क्षति के गंभीर जोखिम में डाल सकती है। वहीं व्हीलचेयर (मोटर चालित) दिव्यांगता से संबद्ध व्यक्तियों को तीन (3) वर्षों में एक बार सहायता प्रदान की जाएगी। आवेदक द्वारा इस प्रकार की सहायता न लेने की वचनबद्धता दी जाए।

## आयुक्त सहित एमसीडी अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करें महापौर : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा ने महापौर को चुनौती दी कि या तो वह स्वयं स्थानीय शॉपिंग सेंटर (एलएससी) दुकानों को डी-सील करें या डी-सीलिंग की अनुमति न देने के लिए आयुक्त सहित एमसीडी अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करें। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर एवं शिखा राय ने मंगलवार को महापौर को घेरते हुए उक्त बयान जारी कर कहा है कि एलएससी मामले की सच्चाई यह है कि यदि एमसीडी सुप्रीम कोर्ट की न्यायिक समिति के निर्देशानुसार दुकानों को सील कर देती है तो उन्हें एलएससी व्यापारियों को उनके द्वारा भुगतान की गई राशि वापस करनी होगी और इसलिए वे डी-सीलिंग से बच रहे हैं। उन्होंने कहा है कि दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा लगातार कह रहे हैं कि आम आदमी पार्टी सील की गई एलएससी दुकानों के मालिकों से चुनावी चंदा वसूलना चाहती है और इसलिए महापौर ने एमसीडी अधिकारियों को अदालत में जाने के लिए प्रेरित किया है ताकि वे व्यापारियों के साथ सौदेबाजी कर सकें।

दिल्ली भाजपा प्रवक्ताओं ने कहा है कि पिछले हफ्ते हमने दिल्ली के दो मंत्रियों को एलएससी व्यापारियों को गुमराह करने की कोशिश करते देखा जिनकी दुकानें 2017 से सील पड़ी हैं। मंगलवार को फिर पिछले 2 महीने में तीसरी बार दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने व्यापारियों को गुमराह करने की कोशिश की है कि सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी उनकी दुकानों को डी-सील करना चाहती है लेकिन अधिकारी एलएससी की दुकानों को डी-सील करने की अनुमति नहीं दे रहे हैं।

## कई क्षेत्रों में वायु प्रदूषण पहुंचा गंभीर श्रेणी में, फिर लागू हो सकती है ग्रेप तीन की पाबंदियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण सूचकांक (एक्यूआई) की वजह से दिल्ली में फिर से ग्रेप तीन की पाबंदियां लागू होने की संभावना बन रही है। क्योंकि दिल्ली में मंगलवार को वायु प्रदूषण का ग्राफ कई इलाकों में एक्यूआई 400 के पार दर्ज किया गया। अगर ऐसा ही रहा तो संभव है कि अगले एक दो दिन में केंद्र सरकार की तरफ दिल्ली सरकार को ग्रैप चरण तीन की पाबंदियां लागू करने की सलाह दे सकती है।

अगर ऐसा हुआ तो पुनः भारी वाहनों का दिल्ली प्रवेश बंद होने से लेकर कई अन्य प्रतिबंध लग जाएगें। वहीं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक 23 जनवरी 2024 सुबह 8 बजे दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 377 दर्ज किया गया। वहीं आनंद विहार 403, बवाना 400, जहांगीरपुरी 415, मुंडका 414, नरेला 406, पंजाबी बाग 409, शादीपुर 406, विवेक विहार 403 और वजीरपुर 424 में एक्यूआई 400 के पार दर्ज किया गया। ऐसे में अगर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा प्रदूषण विरोधी उपायों के जीआरपी (ग्रैप) तीन लागू किया तो सभी गैर-आवश्यक निर्माण कार्य और बीएस तीन पेट्रोल और बीएस चार डीजल वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा।

कक्षा 5वीं तक के स्कूलों को बंद करने पर निर्णय लिया जा सकता है, ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के तहत अन्य प्रतिबंधों को फिर से लागू किया जा सकता है। बता दें कि शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच एक्यूआई गंभीर माना जाता है।

## ठंड के कारण 180 बेघरों की हो गई है मौत : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की सड़कों पर ठंड के कारण 180 बेघरों की मौत हो गई है, जिससे स्पष्ट है कि लोग आश्रय गृहों की कमी या प्रवेश से इनकार के कारण सड़कों पर सोने को मजबूर हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बेघरों के लिए काम करने वाले गैर सरकारी संगठन सेंटर फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट द्वारा दिल्ली में अत्यधिक ठंड के कारण बेघरों की मौत के मंगलवार जारी आंकड़ों पर चिंता व्यक्त की है। यह जानकर हैरानी होती है कि अरविंद केजरीवाल सरकार की आपराधिक लापरवाही के कारण जनवरी 2024 में दिल्ली की सड़कों पर खुले आसमान के नीचे ठंड के कारण औसतन हर दिन 9 लोगों की मौत हुई है। एनजीओ द्वारा जारी आंकड़े बताते हुए सचदेवा ने कहा कि दिल्ली सरकार में इस कद्र भ्रष्टाचार है कि जिन्हें किसी तरह आश्रय गृह में स्थान मिल जाता है तो दो समय का भोजन एवं स्वास्थ्य जांच जैसी बेसिक सुविधा भी नहीं मिलती। सचदेवा ने बताया कि दिसंबर 2023 की शुरुआत में हमने ठंड के कारण बेघरों की मौत की बढ़ती संख्या का मुद्दा उठाया था और दिल्ली सरकार से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया था कि बेघरों को सड़कों के किनारे न सोना पड़े और उन्हें उचित आश्रय गृह मिले। दुर्भाग्य से दिल्ली सरकार की नोडल संस्था दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) आश्रय गृह उपलब्ध कराने के अपने उद्देश्यपूर्ण कर्तव्य में पूरी तरह से विफल रही है और संबंधित मंत्री आतिशी मानवीय कर्तव्य पर कोई ध्यान न देकर क्षुद्र राजनीतिक दोषारोपण के खेल में लगी हुई हैं।

## आम आदमी पार्टी ने की नए पदाधिकारियों की घोषणा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को दिल्ली के लिए अपने पदाधिकारियों की घोषणा की और अनिल पटोदिया को पार्टी का प्रदेश संयुक्त सचिव (मुख्य प्रकोष्ठ) नामित किया। पार्टी पदाधिकारियों ने यह जानकारी दी। पदाधिकारियों के मुताबिक, दस अन्य सदस्यों को चिकित्सक, ग्रामीण, अल्पसंख्यक और युवा जैसे विभिन्न प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष नामित किया गया जबकि दस अन्य को आरडब्ल्यूए, व्यापार, चिकित्सक और युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयुक्त सचिव के रूप में चुना गया। संजय मावी, नरेश भगत, अंकित वशिष्ठ, आरिफ और विक्की खारी को जिला उपाध्यक्ष नामित किया गया है जबकि अनुज राजपूत व विपिन गुप्ता को क्रमशः पटेल नगर और आदर्श नगर के लिए विधानसभा अध्यक्ष नामित किया गया है। आप ने बदरपुर और कालकाजी क्षेत्रों में पांच अन्य को वार्ड उपाध्यक्ष नामित किया है।

## दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने किया सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर नमन


**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें नमन किया। सीएम केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि देश की आज़ादी के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले, आज़ाद हिंद फौज के संस्थापक एवं भारत माता के वीर सपूत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें सादर नमन।



वहीं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने सुभाष चंद्र बोस को विनम्र श्रद्धांजलि दी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि स्वतंत्रता संग्राम के महानायक, 'आजाद हिन्द फौज' के नेतृत्वकर्ता, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।

#### बोले-आज़ादी के लिए जीवन समर्पित करने वाले बोस को सादर नमन

वहीं कैबिनेट मंत्री राजकुमार आनंद ने एक्स पर लिखकर सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लिखा कि महान स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रेरणास्रोत नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर उन्हें कोटि कोटि नमन। वहीं कैबिनेट मंत्री कैलाश गहलोत ने सुभाष चंद्र बोस को नमन करते हुए लिखा कि स्वतंत्र राष्ट्र के स्वप्न को साकार करने के लिए भारत के युवाओं में एक नई शक्ति भरने वाले आज़ाद हिन्द फ़ौज के संस्थापक महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें कोटि कोटि नमन।



## खबर संक्षेप

### झाड़ियों में मिला नवजात का शव, कुत्ते नोच रहे थे



**गुरुग्राम।** मानेसर एरिया की झाड़ियों में एक नवजात का शव मिला है। शव को जब कुत्ते नोंच रहे थे तो लोगों का दिल दहल गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और कार्रवाई शुरु कर दी। फर्रुखनगर के मारुति सर्विस स्टेशन में काम करने वाले संदीप जब मंगलवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे एक खाली प्लाट के निकट खड़े थे। तभी उन्होंने यह दृश्य देखा।

### फंदा लगाकर युवक ने की खुदकुशी



**गुरुग्राम।** बादशाहपुर एरिया में एक युवक ने अपने कमरे में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस को सुसाइड नोट मिला, जिसमें युवक ने अपनी मर्जी से खुदकुशी करने को लिखा था। पुलिस ने शव को मोर्चरी में भिजवा दिया और उसके परिजनों को सूचना दे दी। यूपी के कानपुर निवासी 24 वर्षीय सवैम भारती ग्रुरुग्राम के दरबारीपुर में किराए पर रहता था। वह यहां एक होटल में काम करता था। देर सांय वह ड्यूटी से आने के बाद अपने कमरे में गया और फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह अन्य किराएदारों ने उसे आवाज लगाई तो वह बाहर नहीं आया।

### चोरी की मोटरसाइकिल खरीदने वाले गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने चोरी के वाहन खरीद कर चलाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी विपिन उर्फ मोसीन वासी गांव रामपुर माजरा जिला बिलासपुर उत्तर प्रदेश का तथा वर्तमान में कृष्णा कॉलोनी सेक्टर-20 बी फरीदाबाद का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने सैनिक कॉलोनी रोड मस्जिद चौक के पास से मोटरसाइकिल सहित काबू किया है। आरोपी से मौके पर थाना सेन्ट्रल के अधिकारिक क्षेत्र से चोरी मोटरसाइकिल को बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया उसने मोटरसाइकिल एक व्यक्ति से 8000 रुपए में खरीदी है।

### जेल में बंदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद की नीमका जेल में हत्या के आरोप में बंद एक विचाराधीन बंदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई जिसके शव को बादशाह खान सिविल अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमॉर्टम के लिए रखवाया गया है। बीते 13 दिसंबर की रात को फरीदाबाद के सरूरपुर गांव के पास बनी दुर्गा कालोनी में दो युवकों ने दो युवकों को पीट-पीट कर अधमरा कर दिया था। जिनमें राजेश की मौत हो गई थी तो वही दूसरा साथी प्रदीप घायल हो गया था।

### लिव इन में रह रहे युवक की मौत



**फरीदाबाद।** कल्याणपुरी इलाके में पिछले डेढ़ साल से दूसरी महिला के साथ लिव इन में रह रहे लगभग 30 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। फिलहाल मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बादशाह खान सिविल अस्पताल भेजा है। वहीं परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस आरोपी महिला से पूछताछ कर रही है। इस मामले में मृतक के भाई रविंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके भाई की मौत की सूचना बीते कल 22 जनवरी को धर्मेन्द्र के पड़ोस में रहने वाले लोगों ने उन्हें फोन कर दी थी।

---

## भाजपा ने शहीदों को सम्मान देने के लिए नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया

# जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल व विंग कमांडर सत्येन्द्र दुग्गल ने किया आजाद हिंद फौज के सैनिकों के परिवार का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भाजपा ने शहीदों को सम्मान देने के लिए नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया और शहीदों व उनके परिवारों को सम्मानित किया वरना कांग्रेस पार्टी ने शहीदों की शहादत को छुपाने और अपने मन अनुरूप इतिहास लिखकर अपने कुछ नेताओं का महिमा मंडन करने का घोर अपराध किया है। जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा।

**खास बातें**

- नेताजी आजाद हिंद फौज के संस्थापक थे
- बोस के देश प्रेम पर प्रकाश डाला
- कांग्रेस ने अपने ही नेताओं का महिमा मंडन किया



### नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि व भावांजलि अर्पित की

आज भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल व पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं कार्यक्रम संयोजक विंग कमांडर सत्येन्द्र दुग्गल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने महान स्वतंत्रता सेनानी और आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया और उनके चित्र पर पुष्पांजलि व भावांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर फरीदाबाद विधानसभा प्रभारी भाजपा नेता ग्यासीराम शर्मा, जिला उपाध्यक्ष बिजेंद्र नेहरा, लखमीचंद भारद्वाज, जिला सचिव मुकेश अग्रवाल, भारती भाकुनी, जिला मीडिया प्रमुख विनोद गुप्ता, सचिन गुप्ता, कृष्ण कुमार शर्मा, विक्रम अरुआ, तेज सिंह सैनी, सुदर्शन कुमार, अनिल कुमार एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

इसके बाद पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विंग कमांडर सतेंद्र दुग्गल, जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, सुनीता बघेल, विनोद गुप्ता, कृष्ण कुमार शर्मा ने आजाद हिंद फौज के सैनिक ग्राम मच्छगर, फरीदाबाद निवासी स्व.श्री जगराम धनखड़ के निवास स्थान पर जाकर उनकी 94 वर्षीय पत्नी भौति देवी व बेटे दलबीर धनखड़ का सम्मान किया।

---

## विधायक नागर ने अधिकारियों के संग पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया

# फरवरी में आवाजाही के लिए खुलेगा मंझावली यमुना पुलः राजेश नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

### प्रोजेक्ट में बदलाव कर इसे और जनोपयोगी बनाया गया

तिगांव क्षेत्र के विधायक राजेश नागर ने मंझावली में नोएडा को जोडऩे के लिए बन रहे यमुना पुल के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से इसे समय सीमा से पहले जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि पुल पर फरवरी में आवाजाही खोली जा सकती है, हालांकि पूरे प्रोजेक्ट का कार्य जून तक पूरा होगा।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि मंझावली पुल फरीदाबाद के लिए बहुत महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। इसके पूरा होने के बाद फरीदाबाद-नोएडा के संबंध और मजबूत होंगे। लोगों को नोएडा के लिए दिल्ली से आने-जाने में बड़ा समय लगता है जो इस पुल के बन जाने पर घट जाएगा। हमारे सामाजिक रिश्ते और आर्थिक रिश्ते मजबूत होंगे।



पुल निर्माण में देरी के सवाल पर विधायक श्री नागर ने बताया कि पहले कोरोना के कारण काम रुका रहा। इसके बाद समय समय पर एनजीटी की रोक के कारण भी काम बाधित रहा। इसके अलावा पिछले वर्ष बहुत बड़ी बाढ़ आई। जिससे भी काम रुका। इस कारण से देरी हुई है। इसके साथ ही प्रोजेक्ट में बदलाव कर इसे और जनोपयोगी बनाया गया। जिससे भी काम में देरी हुई लेकिन हमारी कोशिश थी कि जनता को बहुत अच्छा पुल मिले।

विधायक राजेश नागर ने बताया कि अब पुल निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। अधिकारियों ने हमें बताया कि फरवरी के महीने में हम पुल पर आवागमन शुरू कर सकते हैं। हालांकि पूरा प्रोजेक्ट पूरा होने में जून तक का समय लगेगा।

इस दौरान विधायक राजेश नागर के साथ पीडब्ल्यूडी बी एंड आर के एसई प्रवीन चौधरी, एक्सईएन प्रदीप सिंधू, एसडीओ प्रकाश लाल, जेई विरेंद्र कुमार सहित ठेकेदार भी मौके पर मौजूद रहे।

---

## पुलिस ने नशे के दुष्परिणाम के प्रति किया जागरुक

# युवा पीढ़ी नशे के दलदल में फंसकर अपने भविष्य को अंधकार में धकेल रही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

थाना सेक्टर-17 प्रभारी सुरेन्द्र सिंह व पुलिस चौकी सेक्टर-16 इंचार्ज विजयपाल के द्वारा अपनी टीम के साथ व्यक्ति, बच्चे और महिलाओं को नशे के दुष्परिणाम के संबंध में जागरुक किया है।

जागरुकता अभियान के दौरान करीब 150-200 बच्चों, महिलाओं व नौजवानों को जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने बताया कि नशा समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है। युवा पीढ़ी नशे के दलदल में फंसकर किस प्रकार अपने भविष्य को अंधकार में धकेल रही है। किशोरावस्था में नौजवान युवक शौकिया तौर पर नशा करना शुरू करते हैं परंतु धीरे-धीरे उन्हें इसकी लत पड़ जाती है जिसके पश्चात इसे छोड़ पाना उनके लिए बहुत मुश्किल कार्य हो जाता है। नशा इंसान के स्वास्थ्य के ऊपर बहुत बुरा प्रभाव डालता है जिसकी वजह से उन्हें कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां जकड़ लेती हैं और इंसान को अंदर से खोखला कर देती हैं। अगर आपके आसपास कोई व्यक्ति नशा बिकता है तो तुरंत पुलिस को टोल फ्री नंबर 9050891508 पर देकर समाज को नशा मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करें। पुलिस को सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

---

## मेवाड़ इंस्टीट्यूशंस में मनाई गई सुभाषचंद्र बोस जयंती

# नेताजी होते तो हमें अखंड भारत मिलता: चेयरमैन डॉ. गदिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

वसुंधरा सेक्टर 4सी स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में आयोजित नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती समारोह में विद्यार्थियों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को देशभक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने अपने सम्बोधन में कहा कि नेताजी सुभाष कभी मर नहीं सकते, वह अमर हैं, अमर रहेंगे। नौजवानों में एकता का जज्बा नेताजी के देशहित में किए गए कार्यों से ही भरा जा सकता है।

उन्होंने दावा किया कि अगर नेताजी होते तो हमें पूरा अखंड भारत मिलता। बर्मा, भूटान और पाकिस्तान नहीं बनता। अगर नेताजी का रंगून रेडियो पर दिया गया भाषण सुन लिया जाए तो पता चलता है कि नेताजी अखंड भारत पाने के लिए कितना संघर्षरत थे। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे साल में एक देशभक्त जरूर तैयार करें।

---

# बिजली मंत्री की वायदा खिलाफी के खिलाफ कर्मियों ने एसई ऑफिस पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



बिजली मंत्री की वायदा खिलाफी के खिलाफ बिजली कर्मियों ने मंगलवार को एसई आफिस सेक्टर-23 में आक्रोश प्रदर्शन किया। जिसमें विभिन्न सब डिवीजन से बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया। आल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के प्रदेशव्यापी आह्वान पर आयोजित धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता सर्कल सचिव कृष्ण कुमार कालीरमन ने की।

प्रदर्शन में इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया व एएचपीसी वर्कर यूनियन के उपाध्यक्ष सुभाष लांबा, आल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्पलाइज फेडरेशन के कोषाध्यक्ष शशिकांत राय, एएचपीसी वर्कर यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद गनी, सर्कल सचिव रामचरण, पूर्व उपाध्यक्ष सतपाल नरवत, पूर्व सर्कल सचिव लज्जा राम, अशोक कुमार, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान नवल सिंहए सचिव जयपाल चौहान, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान करतार सिंह, सचिव युद्धवीर सिंह खत्री, यूनिट कमेटी के नेता रामकेश साहरण, धर्मेन्द्र तेवतिया, भूप सिंह, गिरीश राजपूत, देवेन्द्र त्यागी दिनेश शर्मा, अशरफ खान, सीसी सदस्य मनोज जाखड़, विनोद शर्मा आदि मौजूद थे। प्रदर्शन के बाद बिजली मंत्री के नाम ज्ञापन अधीक्षण अभियंता नरेश ककड़ को सौंपा गया।

चेतावनी दी कि अगर 10 अक्टूबर को बिजली मंत्री के साथ हुई बातचीत में मानी हुई मांगों को लागू नहीं किया तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इस दौरान सर्वसम्मति से 4 फरवरी को रोहतक में होने वाली रैली का ऐलान किया।

---

## नगर निगम की मतदाता सूची में

# दावे-आपत्तियां दर्ज कराने के लिए रिवाइजिंग अथॉरिटी तथा ऑथराइज्ड ऑफिसर नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम के डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 15 जनवरी 2024 में वर्णित हिदायतों व निर्देशों के अनुसार 1 जनवरी 2024 को क्वालीफाइंग तिथि मानकर तथा 22 जनवरी 2024 को प्रकाशित की गई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूचियां के आधार पर नगर निगम फरीदाबाद की वार्डवार मतदाता सूची तैयार की जा रही है। इसके अलावा तय किए गए कार्यक्रम अनुसार ड्राफ्ट मतदाता सूची की प्रारंभिक प्रकाशन 1 जनवरी 2024 को आधार तिथि मानकर किया जा चुका है।

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि वे सभी नागरिक, जिनका नाम नगर निगम की मतदाता सूची में नहीं है, यदि किसी अपात्र मतदाता मृतक, स्थान छोड़कर चले गए अथवा डबल दर्ज हैं, किसी के नाम इत्यादि में गलती है अथवा किसी दूसरे वार्ड मतदान केंद्र से अपना नाम बदलवाना चाहता है तो निम्नलिखित रिवाइजिंग अथॉरिटी के पास निर्धारित फार्म में दावे आपत्तियों 9 फरवरी 2024 से 16 फरवरी 2024 तक प्रस्तुत कर सकेंगे।

प्रस्तुत आपत्तियों का निपटारा जिला उपायुक्त द्वारा 7 मार्च 2024 तक किए जाने के फलस्वरुप नगर निगम फरीदाबाद की मतदाता सूचियां का वार्डवार अंतिम प्रकाशन 18 मार्च 2024 को कर दिया जाएगा।

---

## महिला सशक्तिकरण के लिए सक्रिय है संगिनी सहेली

# महिलाओं को बेहतर शिक्षा देने और उनका उत्थान करने में प्रयासरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

महिला सशक्तिकरण की दिशा में लंबे समय से जुटी संगिनी सहेली एनजीओ के कारगर परिणाम सामने आ रहे हैं। नतीजन 15 लाख से अधिक महिलाओं ने संगिनी सहेली के साथ सकारात्मक रूप से काम किया है। केवल चार वर्षों में प्रियल भारद्वाज के नेतृत्व में संगिनी सहेली ने एक प्रेरणादायक शुरुआत की है। एनजीओ की संस्थापक प्रियल भारद्वाज ने बताया कि संगिनी सहेली का मिशन, शिक्षित करें, उत्थान करें, सशक्त बनाएं है। यह गैर-लाभकारी संगठन महिला कल्याण पर केंद्रित है।

महिला मुद्दों की जानमानी विशेषज्ञ रतना सिंह कहती हैं कि घर हो या बाहर महिलाओं के साथ भेदभाव वाला व्यवहार किया जाता है। यदि परिवार की धुरी की ऐसी दयनीय हालात होगी तो समाज का क्या होगा? आखिर समाज, परिवारों से बनता है और परिवार की धुरी होती है महिला। कई जगह देखा गया है कि इस भेदभाव में उनका स्वास्थ्य भी चरमरा जाता है, जैसे महीने आने पर बहुत सी महिलाएं उचित तरीके से अपना ध्यान नहीं रख पातीं। बहुत से मामलों में महिलाओं का आर्थिक पक्ष भी कमजोर होता है जिस वजह मासिक चक्र में वह स्वच्छता का ध्यान नहीं रख पाती और पैसों की तंगी की वजह वो पुराने कपड़े धो-धोकर उनका प्रयोग करती हैं। यह उनके पूरे सेहत को गड़बड़ा देता है।



इतना ही नहीं, बहुत जगह देखा गया है कि बच्चों को भी कम उम्र में पढ़ाई से वंचित रखा जाता है और काम पर धकेल दिया जाता है। बच्चों को पढ़ाई की सौगात मिले, महिलाओं को उनको हक मिले, बेहतर स्वास्थ्य मिले, बेहरतीन शिक्षा मिले और वो सर उठाकर समाज में जी पाए। इसके लिए संगिनी सहेली एनजीओ लंबे समय से काम कर रही है। प्रियल के अथक प्रयासों ने न केवल परिवर्तन हुआ है, बल्कि अनगिनत महिलाओं और बच्चों का नया जीवन मिला है। साथ ही उन्होंने दूसरों को भी उसके उद्देश्य के पीछे एकजुट होने के लिए प्रेरित किया। प्रियल भारद्वाज ने कहा कि उनका समर्पण एक ऐसे भारत के निर्माण में है जहां हर लड़की के पास सब कुछ हो, जहां उसे उसका हक मिले, अच्छा स्वास्थ्य मिले, अच्छा माहौल मिले। इसके हमने कुछ योजनाएं शुरू की हैं।

---

## आरोपियों के पास से अवैध हथियार व कारतूस बरामद

# रैपिड व मैट्रो ट्रेन ट्रैक से बिजली के केबिल चोरी करने वाले अंतरराज्जीय गिरोह का पर्दाफाश, सात गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

क्राइम ब्रान्च पुलिस ने मंगलवार को मैट्रो/ रैपिड मैट्रो ट्रेन ट्रैक से बिजली के केबिल (तांबा) व अन्य सामान चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस व गिरोह के बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हो गया है, जबकि आठ को पुलिस ने दबोच लिया। उनके कब्जे से भारी मात्रा में रैपिड एक्स से चोरी का माल, चोरी करने मे प्रयोग किये जाने वाले उपकरण व अवैध असलाह व कारतूस बरामद किया गया है।

एडीसीपी क्राइम ब्रॉन्च सच्चिदानंद ने बताया कि पुलिस टीम ने वसुन्धरा रैपिड ट्रेन की लाईन के पास थाना इन्दिरापुरम क्षेत्र से मुठभेड़ के दौरान कुल 09 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की गोली से घायल हुए बदमाश का नाम समीर है। इनमें तीन रैपिड मैट्रो ट्रेन के ट्रैक से बिजली के तांबे के केबिल व अन्य सामान चोरी करने वाले व चोरी के माल की खरीद-फरोख्त करने वाले हैं।



पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि हम लोगों का मैट्रो ट्रेन व रैपिड मैट्रो ट्रेन के ट्रैक से बिजली के ताँबे के केबिल चोरी करने वालो का एक संगठित गिरोह है। जिसमें समीर, मूसा, निसार, शहादत, शमशेर, माजिद, हलाल, नौशाद, सैफ मलिक, गुलजार, जावेद, समीरकलीम उर्फ सिद्दू, जुल्फिकार है। पूर्व मे 10 अगस्त को हमारे गैंग के सैफ मलिक, जावेद, कलीम, गुलजार, जुल्फिकार, समीर मलिक को पुलिस द्वारा मुरादनगर क्षेत्र से चोरी करते समय गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। उस चोरी में मौके से समीर, माजिद, नौशाद और हलाल भाग गए थे। उसके बाद हमारे गैंग को मूसा व समीर चलाने लगे।

आरोपियों ने बताया कि चोरी का सामान सड़क से किनारे थोड़ी दूरी पर झाड़ियों में छिपा देते है और फिर मौका देखकर माल को रिक्शा या टैम्पो में लादकर किसी सुनसान स्थान पर ले जाकर कटर की मदद से केबिल को छीलकर तांबे का तार निकाल लेते हैं।

### शॉर्ट सर्किट कर फ्यूज उड़ा देते थे

हम लोगों को जहां रैपिड मैट्रो ट्रेन के ट्रैक से बिजली के तांबे के केबिल को चोरी करना होता है वहीं उसके नीचे मौका देखकर आधी रात के बाद सुनसान होने पर आ जाते हैं फिर हम लोग पतली रस्सी में पत्थर बाँधकर ऊपर मैट्रो की रेलिंग पर फेंकते हैं। जिसमें फंसकर रस्सी वापस नीचे आ जाती है फिर उस रस्सी के एक सिरे पर मोटा गाँठों वाला रस्सा बाँधकर उसे ऊपर खींचकर दूसरी तरफ से नीचे ले आते है और उस रस्से की मदद से हम लोगों में से कोई भी 3-4 लड़के आरी व डंडा लेकर ऊपर चढ़ जाते हैं। ब्लेड लगी आरी को डंडे पर बाँधकर दूर से रैपिड मैट्रो के केबिल को काटते हैं, जैसे ही केबिल के ऊपर का प्लास्टिक का खोल कटने के बाद आरी का ब्लेड तार को छूता है तो शॉर्ट सर्किट के कारण ब्लास्ट के साथ बिजली सप्लाई का फ्यूज उड़ जाता है और केबिल में करंट आना बंद हो जाता है।

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने ‘पराक्रम दिवस’ पर सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कहा

# नेताजी भारत के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक, आजादी की लड़ाई को प्रखरता के साथ बढ़ाने का कार्य किया

सीएम योगी आदित्यनाथ ने ‘पराक्रम दिवस’ के अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नेताजी भारत के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक हैं। उन्होंने आजादी की लड़ाई को प्रखरता के साथ बढ़ाने का कार्य किया।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने ‘पराक्रम दिवस’ के अवसर पर परिवर्तन चौक स्थित नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि नेताजी भारत के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक हैं। उन्होंने आजादी की लड़ाई को प्रखरता के साथ बढ़ाने का कार्य किया। सौभाग्य है कि पीएम नरेंद्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पावन जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में आयोजित करने और साप्ताहिक आयोजन को इससे जोड़ने का कार्यक्रम बनाया है। नेताजी भारत के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक रहे हैं।

**खास बातें**

- पावन जयंती पराक्रम दिवस के तौर पर मनाई जा रही
- नेताजी ने आह्वान किया तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा
- हर भारतवासी का नेताजी के प्रति श्रद्धा व सम्मान का भाव।





सीएम योगी से अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल एडमिरल डीके जोशी ने लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की।

### युवाओं को विदेशी हुकूमत के खिलाफ एकजुट करके लड़ने की नई प्रेरणा दी

सीएम योगी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने युवाओं में ऊर्जा भरी। भारत की आजादी के आंदोलन के दौरान उन्होंने युवाओं को विदेशी हुकूमत के खिलाफ एकजुट करके लड़ने की नई प्रेरणा दी थी। न केवल भारत, बल्कि बाहर भी हमें देश की आजादी की लड़ाई को कैसे आगे ले जाना है, नेताजी ने उस समय इसकी गजब रणनीति तैयार की थी। आज उसी का परिणाम है कि जब हम भारत के बाहर जाते हैं तो बहुत सारी जगहों पर हमें नेताजी से जुड़े स्थल भी देखने को मिलते हैं। नेताजी भारत के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक रहे हैं। नेताजी ने युवाओं का आह्वान करते हुए देश की आजादी की लड़ाई को प्रखरता के साथ बढ़ाने का कार्य किया।

### आजाद हिंद फौज का गठन किया

सीएम ने कहा कि नेताजी ने आजाद हिंद फौज का गठन किया। उन्होंने नौजवानों का आह्वान किया- तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। देश की आजादी के इस मंत्र की बदौलत लाखों युवा सर्वस्व न्योछावर करने को तैयार हो गए। युवा व हर भारतवासी आजाद हिंद फौज के नेतृत्व में लड़ी जाने वाली लड़ाई का हिस्सा बना। नेताजी ने न केवल भारत, बल्कि म्यांमार, सिंगापुर समेत दुनिया के अनेक देशों में इस लड़ाई को प्रखरता के साथ बढ़ाने का कार्य भी किया। यही कारण है कि हर भारतवासी नेताजी के प्रति श्रद्धा व सम्मान का भाव रखता है।

### नेताजी के आदर्शों का अनुसरण करें

सीएम ने प्रदेश के युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि मातृभूमि के लिए जो भी कर पाएंगे, वह कम होगा। आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है कि हर व्यक्ति कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करे। यही नेताजी के प्रति सच्ची श्रद्धा व सम्मान होगा। कर्तव्यों के प्रति हमें आग्रही होना पड़ेगा, तभी पराक्रमी भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के रूप में स्थापित कर पाएंगे। सीएम ने विश्वास जताया कि हमारे युवा नेता जी के आदर्शों का अनुसरण करेंगे।

### वर्ल्ड पावर के रूप में स्थापित हो रहा भारत

सीएम ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पावन जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में आयोजित करने और साप्ताहिक आयोजन को इससे जोड़ने का कार्यक्रम बनाया है। नेताजी भारत के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक रहे हैं। उन्होंने युवाओं को भारत के पराक्रम से जोड़ने का कार्य किया है। आज जब 127वीं पावन जयंती पर उन्हें स्मरण कर रहे हैं तो आंतरिक व बाहरी सुरक्षा की रणनीति क्या होनी चाहिए, इन स्थितियों में अब हमारे सामने सक्षम भारत है। पूरी दुनिया नए भारत को देख रही है। भारत वर्ल्ड पावर के रूप में स्थापित हो रहा है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत की वर्तमान स्थिति को पराक्रमी भारत के माध्यम से बढ़ने के प्रेरणास्रोत हैं।

### 2021 से पराक्रम दिवस के रूप में हुई शुरुआत

पहले इस दिन को सुभाष चंद्र जयंती के नाम से सेलिब्रेट किया जाता था लेकिन वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिन को नेताजी के योगदान को देखते हुए पराक्रम दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। इसके बाद से हर वर्ष नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## ईडी ने सोरेन को जारी किया नौंवा समन

# जमीन घोटाले में पूछताछ के लिए 31 जनवरी तक होना होगा पेश



एजेंसी ▶▶ रांची

ईडी ने झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को फिर से समन जारी किया है। यह समन जमीन घोटाला मामले में पूछताछ के लिए जारी किया गया है। समन के अनुसार, हेमंत सोरेन को 27 जनवरी से 31 जनवरी तक ईडी के सामने पेश होना होगा। ईडी द्वारा हेमंत सोरेन को जारी किया गया, यह नौंवा समन है।

### सीआरपीएफ के वरिष्ठों पर एफआईआर

रांची जिला प्रशासन ने सीआरपीएफ के वरिष्ठ कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। मनी लॉड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से पूछताछ के दौरान सीआरपीएफ कर्मियों पर दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने के आरोप लगे हैं। रांची के सर्किल ऑफिसर मुंशी राम ने बताया, हमने रविवार को मुख्यमंत्री आवास के आसपास धारा 144 के प्रावधानों का उल्लंघन करने के लिए सीआरपीएफ के वरिष्ठ कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।

## पेज एक का शेष

### रामलला हुए...

संतों सहित बड़ी संख्या में आमंत्रित लोगों ने देवता के ‘दर्शन’ किए। मंदिर के बाहर लंबी कतारों में वे लोग भी इंतजार कर रहे हैं जो प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले से ही अयोध्या में डेरा डाले हुए हैं और जिन्होंने अयोध्या तक पहुंचने के लिए लंबी और कठिन यात्राएं की हैं।

**दर्शन व्यवस्था को संभाल रहे यूपी शासन के आला अफसर:** अयोध्या राम मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे हैं। यूपी के प्रमुख सचिव, गृह, संजय प्रसाद और विशेष डीजी कानून और व्यवस्था, प्रशांत कुमार भक्तों की व्यवस्थित आवाजाही की निगरानी के लिए मंदिर के गर्भ गृह में पहुंचे।

**जय श्री राम के नारों से गूंजा राम मंदिर:** मंदिर परिसर की ओर बढ़ते समय भक्तों ने जय श्री राम के नारे लगाए। मुख्य मंदिर के अंदर उसके भव्य मंडप में जय श्री राम के नारे गूंज उठे। पारंपरिक नागर शैली में निर्मित मंदिर परिसर पूर्व से पश्चिम तक 380 फीट लंबा, 250 फीट चौड़ा है और ‘शिखर’ 161 फीट ऊंचा होगा। मंदिर 392 स्तंभों पर आधारित है और इसमें 44 दरवाजे लगे हैं। लाखों लोगों ने सोमवार को अपने घरों और पड़ोस के मंदिरों में टेलीविजन पर ‘प्राण प्रतिष्ठा’ समारोह देखा।

### रामलला के विग्रह...

उम्र पांच साल है। उन्होंने कहा, पहली बार जब मैंने मूर्ति देखी, तो मैं रोमांचित हो गया और मेरे आंखों से आंसू बहने लगे। उस समय मुझे जो अनुभूति हुई, उसे मैं बयां नहीं कर सकता।

### बिहार के पूर्व सीएम...

जाने की मांग की थी. इस ऐलान के बाद जेडीयू ने मोदी सरकार का आभार जताया है। कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर ने कहा कि हमें 36 साल की तपस्या का फल मिला है। मैं अपने परिवार और बिहार के 15 करोड़ों लोगों की तरफ से सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं।

**1952 में पहली बार बने विधायक:** कर्पूरी ठाकुर 1952 में ताजपुर विधानसभा क्षेत्र से सोशलिस्ट पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर जीतकर विधायक बने थे। 1967 के बिहार विधानसभा चुनाव में कर्पूरी ठाकुर के नेतृत्व में संयुक्त सोसलिस्ट पार्टी बड़ी ताकत बन कर उभरी थी, जिसका नतीजा था कि बिहार में पहली बार गैर-कांग्रेस पार्टी की सरकार बनी। महामाया प्रसाद सिन्हा मुख्यमंत्री बने तो कर्पूरी ठाकुर उप मुख्यमंत्री बने और उन्हें शिक्षा मंत्रालय का कार्यभार सौंपा गया था। कर्पूरी ठाकुर ने शिक्षा मंत्री रहते हुए छात्रों की फीस खत्म कर दी थी और अंग्रेजी की अनिवार्यता भी खत्म कर दी थी। कुछ समय बाद बिहार की राजनीति ने ऐसी करवट ली कि कर्पूरी ठाकुर मुख्यमंत्री बन गए। इस दौरान वो छह महीने तक सत्ता में रहे। उन्होंने उन खेतों पर मालगुजारी खत्म कर दी, जिनसे किसानों को कोई मुनाफा नहीं होता था, साथ ही 5 एकड़ से कम जोत पर मालगुजारी खत्म कर दी गई और साथ ही उर्दू को राज्य की भाषा का दर्जा दे दिया। इसके बाद उनकी राजनीतिक ताकत में जबरदस्त इजाफा हुआ और कर्पूरी ठाकुर बिहार की सियासत में समाजवाद का एक बड़ा चेहरा बन गए। उन्होंने मंडल आंदोलन से भी पहले मुख्यमंत्री रहते हुए पिछड़ों को 27 फीसदी आरक्षण दिया था। लोकनायक जयप्रकाश नारायण और राम मनोहर लोहिया इनके राजनीतिक गुरु थे।

### कौन थे कर्पूरी...

असहयोग आंदोलन में हिस्सा लिया। इसके चलते उन्हें जेल में भी रहना पड़ा। साल 1945 में जेल से बाहर आने के बाद कर्पूरी ठाकुर धीरे-धीरे समाजवादी आंदोलन का चेहरा बन गए, जिसका मकसद अंग्रेजों से आजादी के साथ-साथ समाज के भीतर पनपे जातीय व सामाजिक भेदभाव को दूर करने का था ताकि दलित, पिछड़े और वंचित को भी एक सम्मान की जिंदगी जीने का हक मिल सके।

### ‘नेताजी’ के सपनों...

मनाया जाता है। इस अवसर पर मोदी ने कहा कि पराक्रम दिवस पर हम नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों और उनके सपनों का भारत बनाने को प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर लाल किले में एक प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसमें आगंतुकों को नेताजी और आजाद हिंद फौज के संबंध में दुर्लभ तस्वीरों और दस्तावेजों को देखने का मौका मिलेगा। यह समारोह 31 जनवरी को समाप्त होगा। प्रधानमंत्री ने यहां पहुंचने के बाद प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर ‘भारत-पर्व’ की भी शुरुआत की।





# अब ओटीटी प्लेटफार्म पर धमाल मचाएगी सैम बहादुर

**मुंबई।** फिल्म सैम बहादुर अब ओटीटी पर आने के लिए तैयार है। सिनेमाघरों में सैम बहादुर 1 दिसंबर को रिलीज हुई थी। मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी फिल्म गणतंत्र दिवस के मौके पर ओटीटी पर आएगी। फिल्म को जी पर देख सकेंगे। जी ने फिल्म के एक पोस्टर के साथ लिखा, एक दूरदर्शी लीडर, लीजेंड और एक सच्चा हीरो, सैम आपकी स्क्रीन पर राज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सैम बहादुर का प्रीमियर 26 जनवरी को जी5 पर होगा। सैम बहादुर की कहानी मेघना गुलजार और भवानी अय्यर ने लिखी है। फिल्म में विकी कौशल, सान्या मल्होत्रा, फातिमा सना शेख और मोहम्मद जीशान अय्यूब हैं।

लाइफ Style


# अनन्या
## रैंप वॉक करते हुए ट्रोल हुईं

एजेंसी ▶▶ मुंबई


एक्ट्रेस अनन्या पांडे अक्सर ही चर्चा में बनी रहती हैं। अनन्या इन दिनों पेरिस में हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस पेरिस फैशन वीक का हिस्सा बनी। इस मेगा फैशन इवेंट से उनका वीडियो सामने आया है। वीडियो सामने आने के बाद एक्ट्रेस को उनकी ड्रेस को लेकर ट्रोल किया जा रहा है।

सोशल मीडिया पर अनन्या पांडे की तुलना लोग उर्फी जावेद से करते नजर आ रहे हैं। एक्ट्रेस ने ब्लैक सीक्वेंस मिनी ड्रेस कैरी की है। इसके साथ ही उन्होंने हाथ में चलनी पकड़ रखी है, जो उनकी ड्रेस से ही जुड़ी हुई है। इसे पकड़े हुए वह रैंप वॉक करती नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर लोग उनका खूब मजाक उड़ा रहे हैं। एक्ट्रेस के वीडियो पर एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा कि ष्उर्फी जावेद भी इससे अच्छे कपड़े पहनती है। एक यूजर ने लिखा मच्छरदानी पहनकर कहा जा रही हो।

एक ने लिखा कि करवा चौथ का मॉडर्न वर्जन। वहीं अनन्या ने एक बातचीत में खुलासा किया कि जब उनकी तस्वीरें, जो पब्लिक में शेयर करने के लिए नहीं होती हैं वह सोशल मीडिया पर वायरल हो जाती हैं तो इससे उन पर कोई असर नहीं पड़ता है। उन्होंने कहा, मैं यह नहीं कह सकती कि ये मुझे परेशान करता है। एक्टर के रूप में हमने खुद इसके लिए साइन अप किया है। यह होने जा रहा है और लोग इसके लिए उत्सुक होंगे। अनन्या के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह पिछले साल फिल्म ड्रीम गर्ल 2 में नजर आई थीं। इसके बाद वो खो गए हम कहां में नजर आईं।



हॉलीवुड मसाला



# बढ़े वजन का पोस्ट वायरल...

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकन सिंगर सेलेना गोमेज अपने गानों की वजह से चर्चा में रहती हैं लेकिन उनकी पर्सनल लाइफ भी खूब हाइलाइट रहती है। फिर चाहे वो नए बॉयफ्रेंड को पब्लिकली लिप किस करना हो या फिर अब अपने बढ़े वजन को पॉजिटिव तरीके से हैंडल करना हो। सेलेना ने हाल ही में सोशल मीडिया का सहारा लेकर अपने बढ़े वजन को लेकर पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने जितनी खूबसूरती से अपनी बॉडी में आए बदलाव को एक्सेप्ट किया है, उसकी फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं।



# टॉप पर टेलर, दर्ज हुए 69 रिकॉर्ड...

**लॉस एंजेलिस।** गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक लिस्ट जारी की है। इस सूची में गिनीज बुक ने हॉलीवुड की महिला गायकों के रिकॉर्ड की जानकारी साझा की है। बता दें कि इस लिस्ट में टेलर स्विफ्ट शीर्ष पर हैं। टेलर के नाम कुल 69 रिकॉर्ड दर्ज हैं। दूसरे नंबर पर एडेल हैं। उनके नाम कुल 44 रिकॉर्ड दर्ज हैं। इस लिस्ट में कोलंबियाई गायिका शकीरा तीसरे नंबर पर हैं। शकीरा के नाम 21 गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हैं। बेयॉन्से 20 रिकॉर्ड के साथ चौथे स्थान पर हैं। मैडोना इस लिस्ट में पांचवें नंबर पर हैं। मैडोना के नाम 16 रिकॉर्ड हैं। पोस्ट को कैप्शन देते हुए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने लिखा, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स खिताबों के प्रभावशाली संग्रह के साथ संगीत की रानियों का अनावरण!




# 14 जून को रिलीज होगी इमरजेंसी

**मुंबई।** एक्ट्रेस कंगना रनौत इन दिनों अपनी अपकिंग फिल्म इमरजेंसी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। फिल्म में कंगना रनौत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में हैं। ये फिल्म भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की सबसे विवादास्पद घटना इमरजेंसी पर बेस्ड है, जो इंदिरा गांधी के इर्दगिर्द घूमती नजर आएगी। वहीं अब कंगना ने फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म इमरजेंसी की रिलीज की घोषणा कर दी है। इसी पोस्ट में अखबार के पन्नों पर जहां इमरजेंसी की खबरें दिख रही हैं। पोस्टर शेयर करते हुए कंगना ने कैप्शन में लिखा कि भारत के अंधेरे काल के पीछे की कहानी खुलने जा रही है। इमरजेंसी 14 जून को रिलीज होने जा रही है। कंगना ने आगे लिखा कि इमरजेंसी मेरा सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है।



# सैफ हुए अस्पताल से डिस्चार्ज...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान को लेकर बीते दिन हैरान कर देने वाली खबर सामने आई थी। उन्हें अपनी लेटेस्ट फिल्म की शूटिंग के दौरान चोट लग गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक पुरानी चोट की ट्राइसेप सर्जरी के लिए एक्टर को मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। हालांकि अब एक्टर को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। एक्टर ने अब खुद मीडिया से बात करते हुए अपनी हेल्थ अपडेट के बारे में बताया। एक्टर ने कहा कि फिल्म देवारा के लिए एक एक्शन सीक्वेंस शूट करते हुए मैं बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उस दौरान तो मुझे ज्यादा पता नहीं चला। मुझे लगा सब ठीक है काम हो जाएगा। एक बार मैं वर्कआउट कर रहा था तो दर्द बढ़ गया। इसके बाद दर्द बढ़ता ही चला गया।

# थ्रिलर शो शैतानी रस्में में शेफाली ने खुद किए खतरनाक स्टंट...

**मुंबई।** हाल ही में लॉन्च हुए वेडिंग फैंटेसी थ्रिलर शो शैतानी रस्में में कपालिका के किरदार के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री शेफाली जरीवाला, हर दिन अपने बेहतरीन प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीतने में कोई कमी नहीं छोड़ रही हैं। एक ओर जहां किसी सीन को और बेहतरीन बनाने के लिए इसमें बॉडी डबल और स्टंट कलाकारों की मदद ली जाती है वहीं शेफाली जरीवाला ने इस शो में अपने स्टंट खुद किए हैं। शेफाली ने शैतानी रस्में शो में अपने किरदार और इस शो से जुड़ी कई बातों को उजागर करते हुए शूटिंग के अनुभवों को साझा किया। शेफाली ने कहा, इस शो के सेट पर हर दिन मुझे बहुत रोमांचक महसूस होता है। यह हमारे लिए एक सामान्य शूटिंग नहीं होती है। इस दौरान मैं कई अनोखे स्टंट करने में व्यस्त होती हूं, जहां कभी मैं पेड़ पर चढ़ती हूं तो कभी किसी दीवार पर और यह मेरे लिए बहुत मजेदार अनुभव होता है। मैं अपने स्टंट खुद करना पसंद करती हूं क्योंकि यह मेरे जज़्बे को बढ़ाने में मेरी मदद करता है और यह भरोसा देता है कि मैंने उस सीन को सही तरीके से निभाया है। ऐसा करने से मुझे किरदार की परतों को खोलने और इसे सीखने में और मदद मिलती है।




# ‘रब से है दुआ’ को अलविदा कहेंगी

**मुंबई।** अदिति शर्मा आज टीवी की दुनिया में किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई है। अदिति शर्मा बीते काफी समय से टीवी के पॉपुलर शो रब से है दुआ में नजर आ रही थीं लेकिन अब वह जल्द ही इस शो को अलविदा कहने जा रही हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में दिए अपने एक इंटरव्यू में शो छोड़ने के बारे में खुलकर बात की है। अदिति ने बताया कि अब वह जल्द ही सीरियल रब से है दुआ को अलविदा कहने वाली हैं।एक्ट्रेस ने बताया कि सीरियल में एक लंबा लीप आने वाला है, जिसके बाद वह शो का हिस्सा नहीं रहेंगी। अदिति के मुताबिक मेकर्स ने उन्हें शो में डबल रोल निभाने का ऑफर किया था लेकिन उन्होंने उस ऑफर को ठुकरा दिया। अदिति कहती हैं, मुझे लगा हफ्ते के सात दिन काम करना बहुत मुश्किल होगा। बिना किसी ब्रेक के सात दिन शूट करना मेरे लिए मुमकिन नहीं था। उसके साथ ही मेकर्स के दिमाग में शो को लेकर अलग तरह के प्लान हैं। इन सब वजहों को ध्यान में रखते हुए मैंने शो छोड़ने का फैसला किया।



# फिल्म ‘बड़े मियां छोटे मियां’ का नया पोस्टर आउट ...

**मुंबई।** बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के नए पोस्टर में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ एक्शन से भरपूर बैकग्राउंड के बीच मशीन गन से फायर करते हुए दिख रहे हैं। पोस्टर में टाइगर और अक्षय अपनी मसल्स दिखा रहे हैं और एक सिक्के के दो पहलू की तरह खड़े हैं और गोलियां चला रहे हैं। बैकग्राउंड में मिसाइलें और हेलीकॉप्टर देखे जा सकते हैं। अक्षय ने पोस्टर को कैप्शन दिया, जब दुनिया को बचाने की बात आती है, तेरे पीछे तेरा यार खड़ा है। टाइगर ने वही पोस्टर और कैप्शन साझा किया। फिल्म का टीजर 24 जनवरी को सुबह 10 बजे रिलीज होगा। फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है और यह अप्रैल में ईद पर रिलीज होगी। बता दें अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की बड़े मियां छोटे मियां की शूटिंग भारत के अलावा स्कॉटलैंड, लंदन और यूएई में हुई है।



# डीपफेक का शिकार हुईं कैट वीडियो वायरल, दिखीं तुर्की बोलते



*मुंबई। एक्ट्रेस कैटरीना कैफ का डीपफेक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में वो एकदम सहजता के साथ तुर्की भाषा बोलती दिख रही हैं। दरअसल यह वीडियो साल 2014 का है। जब कैटरीना और ऋतिक रोशन की फिल्म बैंग बैंग रिलीज हुई थी। यह वीडियो इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान का है। एक्टर के फैन ने इस 10 साल पुराने वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, अगर आप तुर्की भाषा बोलते तो ऐसा होता।*

# सामने आया सुष्मिता की आर्या का ट्रेलर, शेरनी बनी नजर आईं अभिनेत्री



**मुंबई।** सुष्मिता सेन की चर्चित वेब सीरीज आर्या का अंतिम सीजन रिलीज के लिए तैयार है। आर्या 3 अंतिम वार का ट्रेलर जारी हो गया है। इसमें सुष्मिता सेन शेरनी जैसे तेवर दिखाती नजर आई हैं। ये सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर फरवरी में रिलीज होगी। तीसरा सीजन काफी धमाकेदार होने वाला है। इसमें दर्शकों को भरपूर एक्शन देखने को मिलेगा। ट्रेलर की शुरुआत में आर्या कहती नजर आती है। मेरी कहानी का हर पन्ना खून से लिखा था, पर सोचा नहीं था कि उसका अंत मेरे ही खून से होगा।

# रायसिंघानिया वर्सेस रायसिंघानिया का टीजर रिलीज, वकील के किरदार में आएंगी नजर ...



*मुंबई। कोड एम में मेजर की भूमिका निभाने के बाद प्रतिभाशाली अभिनेत्री जेनिफर विंगेट एक वकील की भूमिका में नजर आएंगी। एक वकील जो अपनी पहचान बनाने के लिए अपने ही पिता के खिलाफ जाएगी। वह अपनी शर्तों पर केस लड़ती नजर आएंगी। कोर्ट ड्रामा रायसिंघानिया वर्सेस रायसिंघानिया, सोनी लिव पर टेलीकास्ट होने वाला है। अब इस वेबसीरीज का टीजर रिलीज हुआ है। सीरीज में जेनिफर को केस का नेतृत्व करने का मौका नहीं मिलता है।*

## खबर संक्षेप

### राजभवन लोगों के लिए तीन दिन के लिए खुलेगा

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल के निर्देश पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन आमजन के लिए तीन दिन खोला जाएगा। राजभवन 25 जनवरी से 27 जनवरी तक निर्धारित अवधि के लिए खुला रहेगा। आम नागरिक 25 और 27 जनवरी को अपराह्न 2 बजे से 7 बजे तक राजभवन में भ्रमण कर सकेंगे। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को राजभवन सुबह 11 बजे से 2 बजे तक आमजन के अवलोकन के लिए खुला रहेगा।
इस अवसर पर राजभवन में केन्द्रीय संचार ब्यूरो, भोपाल चित्र प्रदर्शनी का आयोजन करेगा।

### प्रशासन अकादमी में 28 को राष्ट्रीय सेमिनार

**भोपाल।** सोशल साइंस एंड मैनेजमेंट वेलफेयर एसोसिएशन एवं आर्यव्रत विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश द्वारा राजधानी स्थित नरोन्हा प्रशासन अकादमी में 28 जनवरी को सुबह 10 बजे से राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। इसका विषय विकसित भारत 2047 है। सेमिनार के सचिव डॉ. मनोज शर्मा ने बताया सेमिनार में प्राध्यापक, शोध छात्र एवं समाजसेवी शामिल होंगे।

# राम नाम के 11 हजार 101 दीपों से 'दमका' मुख्यमंत्री निवास

*मध्यप्रदेश में श्रीराम के जहां-जहां चरण पड़े हैं, वहां विकसित होंगे पर्यटन स्थल: सीएम*

*भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में दीपोत्सव का आयोजन*

**हितानंद, अग्रवाल, रामेश्वर, सबनानी, पचौरी समेत भाजपा पदाधिकारी हुए शामिल**







हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर श्यामला हिल्स स्थित मुख्यमंत्री निवास में दीपोत्सव पर्व मनाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान राम की पूजा-अर्चना के साथ प्रतीक स्वरूप दीप जलाए। मुख्यमंत्री निवास पर 11 हजार 101 दीप जलाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूरा मुख्यमंत्री निवास दीपों की रोशनी से जगमगा उठा।

जगह-जगह रंगोली और आकर्षक साज -सज्जा की गई थी। पूरा वातावरण राममय हो गया। राम भजनो की धुन मन मोहने वाली थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फुलझड़ी जलाई और जय श्री राम के नारे भी लगाए।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में सुशासन की स्थापना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर में भगवान राम की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन ऐतिहासिक घटना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन की स्थापना की गई है। वास्तव में रामराज्य की स्थापना हुई है। डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में भी भगवान राम के जहां- जहां चरण पड़े हैं, लीलाएं हुई हैं, उन धार्मिक स्थलों को पर्यटन के रूप में विकसित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 'श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम' के बाद संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, हितानंद शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी, महापौर मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह, आशीष अग्रवाल, पूर्व महापौर आलोक शर्मा, सुमित पचौरी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## राजनीति में भ्रष्टाचार,भाई-भतीजावाद के खिलाफ जारी रहेगी लड़ाई : मनोहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने देश व समाज के लिए जो किया, उसको कभी भी भूलाया नहीं जा सकता। जब भी देश व समाज की बात होगी तो नेताजी का नाम अवश्य लिया जाएगा। हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हरियाणा में नेताजी के तीन जांबाज आज भी हमारे साथ हैं। जिनमें से दो रेवाड़ी और एक महेंद्रगढ़ का रहने वाला है। इन तीनों को जिला प्रशासन ने सम्मानित ि कया। सीएम ने मंगलवार को रोहतक के राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। कार्यक्रम को सांसद डॉ. अरविंद शर्मा, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने महापुरुषों व नायकों को याद करते हुए एक बार फिर राजनीति में भाई भतीजावाद, भ्रष्टाचार, जातिवाद पर हमला बोलते हुए कहा कि इनके खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार देना व जनहित में काम करना हमारी प्राथमिकता है।

## आप के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सहित कई नेताओं ने थामा भाजपा का दामन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लोकसभा चुनाव के नजदीक आते ही प्रदेश में सियासी सरगर्मी तेज हो चुकी है। चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। आप के बड़े पदाधिकारियों ने भाजपा का दामन थाम लिया है। इसमें आप के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश मिरी, यूथ विंग के प्रदेशाध्यक्ष रहे रविंद सिंह, ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष रहे कमलकांत साहू, प्रदेश सचिव रहे विशाल केलकर शामिल है।

## पुस्तक 'सहज गीता' का किया विमोचन



**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** केंद्रीय विदेश तथा संस्कृति राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी ने राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश की मौजूदगी में 'सहज गीता' नामक पुस्तक का विमोचन किया। मंगलवार को नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में जिस पुस्तक 'सहज गीता' का विमोचन किया गया है, उसमें संपूर्ण भगवद्गीता को सरल हिंदी काव्यात्मक शैली में लिखा गया है। इस पुस्तक के रचनाकार आईआईटी, कानपुर और आईआईएम, बैंगलोर के पूर्व छात्र अविनाश कुमार हैं। यह पुस्तक भगवद्गीता का हिंदी काव्यात्मक शैली में सरलीकृत अनुवाद और लयबद्ध लिपि होने के अलावा, रोजमर्रा के जीवन के उदाहरण प्रस्तुत करती है, जहां आनंदमय और सरल जीवन के लिए गीता के मूल सिद्धांत को अपनाया जा सकता है। इस पुस्तक का प्रकाशन प्रभात प्रकाशन ने किया है।



## चिंतन

# सोलर ऊर्जा क्षेत्र में होगा नया 'सूर्योदय'

प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना बिजली बचत क्षेत्र में क्रांतिकारी साबित हो सकती है। घरेलू और सरकारी व निजी दफ्तर में अगर रोशनी के लिए सोलर ऊर्जा का प्रयोग व्यापक स्तर पर होने लगे तो लाखों मेगावाट बिजली की बचत हो सकती है। भारत सरकार ने 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' की सोमवार को शुरूआत की है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार देशभर में एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाएगी। भारत में लगभग 31 करोड़ परिवार हैं, शुरू में सरकार ने एक करोड़ आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के घर में सोलर सिस्टम लगाने का फैसला किया है। इस योजना को बहुत पहले शुरू किया जाना था। अभी केंद्र सरकार सोलर एनर्जी से जुड़ी योजना 'नेशनल रूफटॉप स्कीम' चला रही है। इस योजना के तहत अगर आप अपनी छत पर सोलर पैनल लगाना चाहते हैं तो 3 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल लगाने पर सरकार की ओर से 40 फीसदी सब्सिडी (प्रति किलोवाट 14,588 रुपये) दी जाती है। रूफटॉप सोलर योजना फेज-2 के तहत 30 नवंबर 2023 तक देश में रूफटॉप सोलर से 2,651 मेगावाट क्षमता को स्थापित किया जा चुका है। रूफटॉप योजना के सेकेंड फेज को 31 मार्च 2026 तक बढ़ाया गया है। केंद्रीय नवीनीकृत ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने हाल ही में बताया था कि रूफटॉप सोलर कार्यक्रम के दोनों फेज से अभी 10,407 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। अभी गुजरात, केरल व महाराष्ट्र रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने में आगे हैं। सोलर सिस्टम से प्रदूषण नहीं होता, ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी आती है व पर्यावरण का संरक्षण होता है। सरकार ने बिजली बल्ब बदल कर एलईडी बल्ब के प्रयोग को बढ़ावा देकर बिजली आपूर्ति को बेहतर बनाया था। कोल व परमाणु से बिजली उत्पादन व वितरण खर्चीला है। बिजली की दर अभी शहरों में पांच से सात रुपये यूनिट है, जो मध्यवर्ग पर बड़ा बोझ है। अगर देश में घरेलू खपत के लिए सोलर ऊर्जा का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा होने लगे तो बड़े पैमाने पर बिजली की बचत होगी। भारत ऐसा देश है, जहां सूर्य की सीधी रोशनी लगभग साल भर उपलब्ध रहती है, ऐसे में सोलर एनर्जी के लिए भारत का एकदम अनुकूल है। देश में सभी घरों पर जो करीब 31 करोड़ हैं, सभी सरकारी व निजी दफ्तरों, जो करोड़ों में हैं, पर अगर सोलर सिस्टम लग जाए तो बिजली बचत के मामले में क्रांति आ जाएगी। भारत जिस तेजी से वैकल्पिक ऊर्जा की तरफ आगे बढ़ रहा है, उसमें सोलर एनर्जी की भूमिका अहम है। बेशक कांग्रेस ने भारत सरकार की सूर्योदय योजना को एक और जुमला कहा है, लेकिन सोलर एनर्जी योजना की पहली शुरूआत करने में कांग्रेस सरकार की अतीत में भूमिका रही है। वर्तमान की मोदी सरकार तेजी से सोलर एनर्जी पर काम कर रही है। भारत इंटरनेशनल सोलर एलायंस का भी संस्थापक सदस्य है। सोलर एनर्जी, इलेक्ट्रिक एनर्जी व हरित हाइड्रोजन भविष्य के ऊर्जा स्त्रोत हैं। ये समूचे विश्व के एनर्जी स्पेक्ट्रम को बदलने वाले हैं। खास बात है कि भारत इन सभी अल्टरनेटिव एनर्जी स्त्रोत के क्षेत्र में तेजी से काम कर रहा है। भारतवासियों के घर की छत पर उनका अपना सोलर रूफटॉप सिस्टम होना ही चाहिए। छोटे छोटे कदम से बड़े बदलाव होते हैं। प्रधानमंत्री मोदी अपने ऐसे ही विजनरी कदमों से देश में बड़े-बड़े बदलाव की पटकथा लिख रहे हैं। डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, जनधन, डीबीटी, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, किसान निधि, स्वच्छ भारत, हाई-वे, आई-वे, नए एयरपोर्ट, पोर्ट, एलईडी बल्ब, वंदे भारत जैसी हाईस्पीड ट्रेन, रेल ट्रैक आधुनिकीकरण आदि सैकड़ों ऐसी योजनाएं हैं, जिनसे देश परिवर्तन की राह पर है। प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना से सोलर एनर्जी के घरेलू उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। इसमें बचतशास्त्र भी है और अर्थशास्त्र भी। इससे गरीब और मध्यम वर्ग का बिजली बिल तो कम होगा ही, भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा।

## नेशनल गर्ल चाइल्ड डे

डॉ. मोनिका शर्मा



# बालिकाओं को सशक्त बनाने की मुहिम

बेटियों की खिलखिलाहट हर आंगन की रौनक होती है। उनके बिना किसी भी परिवार में रीति-रिवाज, तीज-त्योहार का इन्द्रधनुष नहीं सजता। बावजूद इसके कितनी ही रीतियां, कुरीतियां बन लाडलियों के लिए बंधन बन गईं। जाने-अनजाने गैर-बराबरी और उपेक्षा का बर्ताव उनके हिस्से आ गए। अपनों ही नहीं परायों की भी मान-मनुहार का जिम्मा उठाने वाली बेटियों को हर मोर्चे पर जद्दोजहद भरे हालात ही मिले और मिल रहे हैं। कहना गलत नहीं होगा कि हमारे सामाजिक माहौल में तो बेटियों के लिए जिंदगी का संघर्ष कोख से ही शुरू हो जाता है। लाडलियों के जीवन से जुड़ी बातों और हालात को लेकर जागरुकता लाने और बेटियों के जज्बातों को समझने की संवेदनशीलता को पोषित करने के लिए ही 'नेशनल गर्ल चाइल्ड डे' मनाया जाता है। ज्ञात हो कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के हिस्से के रूप में इसकी शुरुआत की गई थी। भारतीय समाज में लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने और लैंगिक समानता को बढ़ावा से जुड़े उद्देश्यों से जुड़ी यह मुहिम वाकई कारगर सिद्ध हुई है। यह दिन बेटियों के सामने आने वाली चुनौतियों एवं अधिकारों के संरक्षण को लेकर चेतना लाने वाला है। व्यावहारिक और भावनात्मक पहलुओं पर सहयोग करने, बेटे-बेटी का भेदभाव मिटाने और लाडलियों को आगे बढ़ने के अवसर मुहैया करवाने का संदेश देता है। सुखद है कि अब जीवन से जुड़े इन पक्षों पर बदलाव देखने को मिल रहा है। परिवार ही नहीं समाज में बिटिया के सत्कार की सोच बढ़ी है। आमजन की बदलती मानसिकता ने कोख से लेकर कामकाजी क्षेत्र तक, बालिकाओं के लिए नया परिवेश बनाया है। दरअसल, हमारे यहां मौजूद पितृसत्तात्मक परिवेश, सामाजिक परंपराओं और पारिवारिक संरचना के तयशुदा मापदंडों के चलते बालिकाएं अपने सहज मानवीय अधिकारों से ही नहीं संवैधानिक अधिकारों को उपभोग करने में भी पीछे रही हैं। बाल विवाह, कम उम्र में ही घरेलू जिम्मेदारियां, किशोर गर्भावस्था, पढ़ाई छूटने और स्वास्थ्य की संभाल जैसे अनगिनत मोर्चों पर बेटियों के हिस्से तकलीफदेह स्थितियां रही हैं। ऐसे में यह घर-परिवार के बदलते माहौल की ही बानगी है कि बेटियों के स्वागत-सत्कार का सहज भाव-चाव हमारे सामने है। लाडलियों के प्रति चाव और लगाव दोनों बढ़े हैं। उनके प्रति सम्मान और स्वीकार्यता से जुड़े व्यवहार में आया बदलाव जीवन के हर पहलू पर सकारात्मक परिवर्तन ला रहा है। बच्चियों को बचपन से ही समानता और अपनेपन का परिवेश मिल रहा है।

सबसे बड़ा बदलाव तो बेटी को दुनिया में लाने की सोच को लेकर आया है। बेटी के जन्म पर नाखुशी जाहिर करने के बजाय उनके भविष्य के लिए भी सपने संजोये जाने लगे हैं। कभी लड़कियों के प्रति रूखा बर्ताव रखने वाले समाज में अब बिटिया को गोद लेने वाले परिवार बढ़ रहे हैं। धीरे धीरे ही सही पर अब सामाजिक परिवेश में में बेटे-बेटी के बीच भेदभाव खत्म हो रहा है। 'जेंडर बायस्ड' सोच की समाप्त होती जड़ता लाडलियों से भावनात्मक जुड़ाव को भी मजबूती दे रही है। पारिवारिक परिवेश में उनके लिए स्वतंत्र अस्तित्व गढ़ने और आगे बढ़ने के मार्ग खुल रहे हैं। सामाजिक माहौल में सामर्थ्य की स्वीकार्यता का भाव आया है। यही वजह है कि कर्तव्य पथ की कदमताल से लेकर तकनीक और अन्तरिक्ष की दुनिया तक बेटियों की प्रभावी उपस्थिति दिखने लगी है। बालिकाओं के सशक्तीकरण को संबोधित यह दिवस देश की आधी आबादी के भविष्य की बेहतर बुनियाद बनाने का उद्देश्य लिए है। हर व्यक्ति, हर परिवार और समग्र व्यवस्था को ऐसे समाज के निर्माण का आधार तैयार करने की ओर प्रवृत्त करता है, जिसमें बेटियों को समान अवसर, सम्मान, सुरक्षा और अपनी क्षमता के अनुसार भरपूर अवसर मिल सकें। समावेशी भविष्य की दिशा में प्रयासों को आगे बढ़ाने वाली यह मुहिम बेटियों के जीवन को हर पक्ष पर मजबूती देने वाली है। लाडलियों का मनोबल बढ़ाकर उन्हें शिक्षित, सफल और सजग व्यक्तित्व की धनी नागरिक बनने का परिवेश बनाती है।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



जयंती विशेष
नरेन्द्र मोदी

# सच्चे जननायक थे कर्पूरी ठाकुर

जननायक कर्पूरी ठाकुर का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। वे अपनी अंतिम सांस तक सरल जीवनशैली और विनम्र स्वभाव के चलते आम लोगों से गहराई से जुड़े रहे। उनसे जुड़े ऐसे कई किस्से हैं, जो उनकी सादगी की मिसाल हैं। उनके साथ काम करने वाले लोग याद करते हैं कि कैसे वे इस बात पर जोर देते थे कि उनके किसी भी व्यक्तिगत कार्य में सरकार का एक पैसा भी इस्तेमाल ना हो। मेरे जैसे अनेक लोगों के जीवन में कर्पूरी बाबू का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान रहा है। आज भले ही कर्पूरी ठाकुर हमारे बीच में नहीं हैं, लेकिन जन-कल्याण के कार्यों की वजह से करोड़ों देशवासियों के दिल और दिमाग में जीवित हैं। वे एक सच्चे जननायक थे।

हमारे जीवन पर कई लोगों के व्यक्तित्व का प्रभाव रहता है। जिन लोगों से हम मिलते हैं, हम जिनके संपर्क में रहते हैं, उनकी बातों का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है, लेकिन कुछ ऐसे व्यक्ति भी होते हैं जिनके बारे में सुनकर ही आप उनसे प्रभावित हो जाते हैं। मेरे लिए ऐसे ही रहे हैं जननायक कर्पूरी ठाकुर।

आज कर्पूरी बाबू की 100वीं जन्म-जयंती है। मुझे कर्पूरी जी से कभी मिलने का अवसर तो नहीं मिला, लेकिन उनके साथ बेहद करीब से काम करने वाले कैलाशपति मिश्र से मैंने उनके बारे में बहुत कुछ सुना है। सामाजिक न्याय के लिए कर्पूरी बाबू ने जो प्रयास किए, उससे करोड़ों लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया। उनका संबंध नाई समाज, यानी समाज के अति पिछड़े वर्ग से था। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए उन्होंने कई उपलब्धियों को हासिल किया और जीवनभर समाज के उत्थान के लिए काम करते रहे।

जननायक कर्पूरी ठाकुर का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। वे अपनी अंतिम सांस तक सरल जीवनशैली और विनम्र स्वभाव के चलते आम लोगों से गहराई से जुड़े रहे। उनसे जुड़े ऐसे कई किस्से हैं, जो उनकी सादगी की मिसाल हैं। उनके साथ काम करने वाले लोग याद करते हैं कि कैसे वे इस बात पर जोर देते थे कि उनके किसी भी व्यक्तिगत कार्य में सरकार का एक पैसा भी इस्तेमाल ना हो। ऐसा ही एक वाकया बिहार में उनके सीएम रहने के दौरान हुआ। तब राज्य के नेताओं के लिए एक कॉलोनी बनाने का निर्णय हुआ था, लेकिन उन्होंने अपने लिए कोई जमीन नहीं ली। जब भी उनसे पूछा जाता कि आप जमीन क्यों नहीं ले रहे हैं, तो वे बस विनम्रता से हाथ जोड़ लेते। 1988 में जब उनका निधन हुआ तो कई नेता श्रद्धांजलि देने उनके गांव गए। कर्पूरी जी के घर की हालत देखकर उनकी आंखों में आंसू आ गए कि इतने ऊंचे पद पर रहे व्यक्ति का घर इतना साधारण कैसे हो सकता है! कर्पूरी बाबू की सादगी का एक और लोकप्रिय किस्सा 1977 का है, जब वे बिहार के सीएम बने थे। तब केंद्र और बिहार में जनता सरकार सत्ता में थी। उस समय जनता पार्टी के नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण यानी जेपी के जन्मदिन के लिए कई नेता पटना में इकट्ठे हुए। उसमें शामिल मुख्यमंत्री कर्पूरी बाबू का कुर्ता फटा हुआ था। ऐसे में चंद्रशेखर ने अपने अनूठे अंदाज में लोगों से कुछ पैसे दान करने की अपील की, ताकि कर्पूरी जी नया कुर्ता खरीद सकें, लेकिन कर्पूरी जी ने इसमें भी एक मिसाल कायम कर दी। उन्होंने पैसा तो स्वीकार कर लिया, लेकिन उसे मुख्यमंत्री राहत कोष में दान कर दिया। सामाजिक न्याय तो जननायक कर्पूरी ठाकुर के मन में रचा-बसा था। उनके राजनीतिक जीवन को एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रयासों के लिए जाना जाता है, जहां सभी लोगों तक संसाधनों का समान रूप से वितरण हो और सामाजिक हैसियत की परवाह किए बिना उन्हें अवसरों का लाभ मिले। उनके प्रयासों का उद्देश्य भारतीय समाज में पैठ बना चुकी कई असमानताओं को दूर करना भी था। अपने आदर्शों के लिए कर्पूरी जी की प्रतिबद्धता ऐसी थी कि उस कालखंड में भी जब सब ओर कांग्रेस का राज था, उन्होंने कांग्रेस



विरोधी लाइन पर चलने का फैसला किया, क्योंकि उन्हें काफी पहले ही इस बात का अंदाजा हो गया था कि कांग्रेस अपने बुनियादी सिद्धांतों से भटक गई है।

कर्पूरी ठाकुर की चुनावी यात्रा 1950 के दशक के प्रारंभिक वर्षों में शुरू हुई और यहीं से वे राज्य के सदन में एक ताकतवर नेता के रूप में उभरे। वे श्रमिक वर्ग, मजदूर, छोटे किसानों और युवाओं के संघर्ष की सशक्त आवाज बने। शिक्षा एक ऐसा विषय था, जो कर्पूरी जी के ह्रदय के सबसे करीब था। उन्होंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में गरीबों को शिक्षा मुहैया कराने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। वे स्थानीय भाषाओं में शिक्षा देने के बहुत बड़े पैरोकार थे, ताकि गांवों और छोटे शहरों के लोग भी अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और सफलता की सीढ़ियां चढ़ें। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने बुजुर्ग नागरिकों के कल्याण के लिए कई अहम कदम उठाए। डेमाक्रेसी, डिबेट और डिस्कशन तो कर्पूरी जी के व्यक्तित्व का अभिन्न हिस्सा थे। लोकतंत्र के लिए उनका समर्पण भाव, भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ही दिख गया था, जिसमें उन्होंने अपने-आप को झोंक दिया। उन्होंने देश पर जबरन थोपे गए आपातकाल का भी पुरजोर विरोध किया था। समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए कर्पूरी ठाकुर ने एक ठोस कार्ययोजना बनाई थी। यह उनके सबसे प्रमुख योगदानों में से एक है। उन्हें उम्मीद थी कि एक ना एक दिन इन वर्गों को भी वो प्रतिनिधित्व और अवसर जरूर दिए जाएंगे, जिनके वे हकदार थे। हालांकि उनके इस कदम का काफी विरोध हुआ, लेकिन वे किसी भी दबाव के आगे झुके नहीं। उनके नेतृत्व में ऐसी नीतियों को लागू किया गया, जिनसे एक ऐसे समावेशी समाज की मजबूत नींव पड़ी, जहां किसी के जन्म से उसके भाग्य का निर्धारण नहीं होता हो। हमारी सरकार निरंतर जननायक कर्पूरी ठाकुर से प्रेरणा लेते हुए काम कर रही है। यह हमारी नीतियों और योजनाओं में भी दिखाई देता है, जिससे देशभर में सकारात्मक बदलाव आया है। कर्पूरी जी जैसे कुछ नेताओं को छोड़कर सामाजिक न्याय की बात बस एक राजनीतिक नारा बनकर रह गई थी। उनके विजन से प्रेरित होकर हमने इसे एक प्रभावी गवर्नेंस मॉडल के रूप में लागू किया। मैं विश्वास और गर्व के साथ कह सकता हूं कि भारत के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की उपलब्धि पर आज जननायक कर्पूरी जरूर गौरवान्वित होते। हम आज सैचुरेशन के लिए प्रयास कर रहे हैं, ताकि प्रत्येक योजना का लाभ, शत प्रतिशत लाभार्थियों को मिले। इस दिशा में हमारे प्रयास सामाजिक न्याय के प्रति सरकार के संकल्प को दिखाते हैं। आज जब मुद्रा लोन से ओबीसी, एससी और एसटी समुदाय के लोग उद्यमी बन रहे हैं, तो यह कर्पूरी ठाकुर के आर्थिक स्वतंत्रता के सपनों को पूरा कर रहा है। इसी तरह यह हमारी सरकार है, जिसने एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण का दायरा बढ़ाया है। हमें ओबीसी आयोग (दुख की बात है कि कांग्रेस ने इसका विरोध किया था) की स्थापना करने का भी अवसर प्राप्त हुआ, जो कर्पूरी जी के दिखाए रास्ते पर काम कर रहा है। पीएम-विश्वकर्मा योजना भी देश में ओबीसी समुदाय के करोड़ों लोगों के लिए समृद्धि के नए रास्ते बनाएगी। पिछड़े वर्ग से ताल्लुक रखने वाले एक व्यक्ति के रूप में मुझे जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिला है। मेरे जैसे अनेक लोगों के जीवन में कर्पूरी बाबू का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान रहा है। इसके लिए मैं उनका सदैव आभारी रहूंगा। दुर्भाग्यवश, हमने कर्पूरी ठाकुर को 64 वर्ष की आयु में ही खो दिया। हमने उन्हें तब खोया, जब देश को उनकी सबसे अधिक जरूरत थी। आज भले ही वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन जन-कल्याण के कार्यों की वजह से करोड़ों देशवासियों के दिल और दिमाग में जीवित हैं। वे एक सच्चे जननायक थे।

(लेखक प्रधानमंत्री, भारत सरकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## अहंकार ही अज्ञान है



संकलित
दर्शन

सूर्य वैसे तो सारे संसार को प्रकाश और ताप देता है, पर यदि वह मेघ से आच्छन्न हो जाए तो ऐसा नहीं कर पाता। इसी भांति जब तक ह्रदय अहंकार के आवरण से आच्छादित रहता है, तब तक उसमें भगवान प्रकाशित नहीं हो पाते। यह अहं मेघ की तरह है। इसी के कारण हम ईश्वर को नहीं देख पाते। यदि श्रीगुरु की कृपा से अहं-बुद्धि दूर हो जाए तो फिर ईश्वर के पूर्ण दर्शन हो जाते हैं। जैसे, सिर्फ ढाई हाथ की दूरी पर ही साक्षात पूर्णब्रह्म श्रीरामचंद्र जी हैं, किंतु बीच में सीता रूपिणी माया का आवरण होने के कारण लक्ष्मण जी रूपी जीव को ईश्वर राम के दर्शन नहीं होते। जीव का अहंकार ही माया है। यही अहंकार सब आवरण का मूल है। मैं के मरने पर ही सारा जंजाल दूर होगा। अगर किसी को ईश्वर की कृपा से मैं कर्ता नहीं हूं- यह ज्ञान हो जाए, तब तो वह जीवनमुक्त ही हो गया। फिर उसे किसी बात का भय नहीं। अगर मैं अपने को इस अंगोछे की ओट में कर लूं तो तुम मुझे नहीं देख सकते, पर मैं तुम्हारे बिल्कुल नजदीक ही हूं। इसी भांति और सभी चीजों की अपेक्षा ईश्वर ही तुम्हारे सबसे ज्यादा निकट है, किंतु अहं रूपी आवरण के कारण तुम उनके दर्शन नहीं कर सकते। जब तक अहंकार रहता है, तब तक न ज्ञान होता है, न मुक्ति मिलती है। हांडी में रखे पानी और चावल, दाल, आलू आदि को तब तक छुआ जा सकता है, जब तक हांडी आग पर नहीं रखी जाती। जीव की देह मानो हांडी है और धन, मान, विद्या, बुद्धि, जाति, कुल आदि मानों दाल, चावल, आलू की तरह हैं। *-श्रीरामकृष्ण परमहंस*

## जगत में सबसे सुंदर कौन



संकलित
प्रेरणा

एक कौआ सोचने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूँ। न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूँ। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीन भावना भरने लगी और वह दुःखी रहने लगा। एक दिन एक बगुले ने उसे उदास देखा तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहाः तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिल्कुल स्याह वर्ण का हूँ। मेरा तो जीना ही बेकार है। बगुला बोलाः दोस्त मैं कहाँ सुंदर हूँ। मैं जब तोते को देखता हूँ, तो यही सोचता हूँ कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है। अब कौए में सुन्दरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी। वह तोते के पास गया। बोलाः तुम इतने सुन्दर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे? तोता बोलाः खुश तो था लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुःखी हूँ, क्योंकि वह बहुत सुन्दर होता है। कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गये हैं। कौआ चिड़ियाघर गया, वहाँ एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर रोने लगा। मोर बोलाः शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते। दूसरों से तुलना करके दुःखी होना बुद्धिमानी नहीं, असली सुन्दरता हमारे अच्छे कार्यों से आती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### राम उत्साह और प्रमाणिकता का प्रतीक है

कोई भी व्यक्ति किसी कार्य को करते हुए यदि बारबार असफल होता है तो एक बात उसे प्राय: कही जाती है– अरे! यह भी क्या,तुम इस तरह बार बार असफल कैसे होते हो,क्या तुमारे भीतर में राम नही है। सफल होने के लिए भीतर में धैर्य,उत्साह, सहस और स्फूर्ति का होना नितांत जरूरी है। भीतर में राम है तो कोई भी कार्य अकरणीय नही करेगा। राम राम ही थे। आज कोई ऐसा महामानव नही दिखाई देता है जो राम के बराबर खड़ा किया जा सके। राम की महिमा सर्वत्र है। राम भारतवर्ष को मिल गए है। राम की प्राणप्रतिष्ठा के बाद देश में आस्था का सैलाब देखा। उससे यह प्रतीत होता है कि राम से बढ़कर दुनिया में कुछ नही है। राम के साथ सलंग्नता जीवन का सार्थकता और सफलता है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### 2024 निर्णायक वर्ष होगा



2024 वैश्विक स्वास्थ्य और इसके लिए एक निर्णायक वर्ष होगा। अगले चार वर्षों के लिए विश्व की वैश्विक स्वास्थ्य रणनीति। निवेश दौर के माध्यम से डब्ल्यूएचओ का भविष्य। जैसे ही कार्यकारी बोर्ड आज एकत्र हुआ, मैंने उनसे इन अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह किया।

-टेड्रोस, यूएन महासचिव

### ज्येष्ठ जनों का आदर हो



ज्येष्ठ जनों का आदर नित्य हो। हमारी मनोवृत्तियां, स्वभाव, आचरण और समग्र चरित्र ऐसा हो कि हम सदैव दूसरों का आदर करें। बड़े मात्र आयु और अनुभव में ही बड़े नहीं है अपितु अनुभव और परंपरा के संवाहक हैं।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### हमारा कार्यकर्ता डरता नहीं



असम में जिस रास्ते पर 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' निकलनी थी वहीं से बजरंग दल और नड्डा जी की रैली निकली लेकिन हमें रोका गया। कांग्रेस के बब्बर शेरों ने बैरिकेड ढहा दिए। हमारा कार्यकर्ता किसी से कमजोर नहीं, किसी से डरता नहीं।

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

### राम की अद्वितीय उपस्थिति



भारतीय जीवन के हर पहलू में 'राम' की अद्वितीय उपस्थिति है- दु:ख में: 'हे राम' दर्द में: 'अरे राम', दुर्भाग्य में 'हे राम', अभिवादन में: 'राम राम', शपथ में: 'राम कसम', अनिश्चितता में: 'राम भरोसे', सुशासन के लिए: 'राम राज्य', मृत्यु में: 'राम नाम सत्य।'

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# इजराइल में मना रामलला प्राण- प्रतिष्ठा का जश्न




इजराइल में रह रहे सैकड़ों भारतीयों ने अयोध्या में नवनिर्मित राममंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव विशेष पूजा अर्चना आयोजित कर मनाया। इन भारतीयों में अधिकतर तेलंगाना राज्य के मूल निवासी हैं। अयोध्या के राममंदिर में सोमवार को रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा किए जाने से पहले शनिवार को, इसके उपलक्ष्य में तेल अवीव के बीट दानी हॉल में इजराइल में स्थित तेलंगाना एसोसिएशन ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में भजन और कीर्तन हुआ। आयोजकों ने बताया कि इस अवसर पर करीब 300 लोगों को भारतीय व्यंजन परोसे गये। इजराइल में तेलंगाना एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि सोम ने 'पीटीआई–भाषा' से कहा, 'प्रत्येक हिंदू को इस अद्भुत क्षण का इंतजार था, जो आखिरकार साकार हुआ। यह एक अवर्णनीय खुशी है क्योंकि मैंने नहीं सोचा था कि मेरे जीवनकाल में ऐसा होगा।' कार्यक्रम का संचालन तेलंगाना के डोडल स्वामी ने किया, जिन्होंने मुख्य आयोजक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वालों कुछ प्रतिभागियों ने कहा कि यह इजराइल में समुदाय द्वारा आयोजित सबसे बड़े कार्यक्रमों में से एक है और यह बहुत कम समय में आयोजित किया जो उनके उत्साह को प्रदर्शित करता है।

## ऑफ बीट

# धीरे-धीरे दौड़ने के हैं अपने कई फायदे

धावकों को समय को लेकर जुनून होता है। शौकिया हों या पेशेवर, अधिकतर धावकों का उद्देश्य तेजी से दौड़ना होता है। वे अपने मैराथन समय में से कुछ सेकंड कम करने के लिए लगातार प्रशिक्षण लेते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में दौड़ने का जो चलन जोर पकड़ रहा है, वह है 'धीमी गति से दौड़ना'। इस चलन के पीछे विचार यह है कि कोई भी दौड़ सकता है – चाहे आपकी क्षमता कुछ भी हो या आप कितनी भी तेज दौड़ें। एक मजबूत आधार विकसित करने से काम करने वाली मांसपेशियों को प्रति धड़कन अधिक ऑक्सीजन पहुंचाने की क्षमता मिलती है, जो दौड़ में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण है। इतना ही नहीं, बल्कि धीमी गति से दौड़ने से शरीर ऊर्जा के लिए संग्रहीत वसा का इस्तेमाल करता है। यह प्रक्रिया खाद्य पदार्थों से प्राप्त कार्बोहाइड्रेट संग्रह पर निर्भर रहने के विपरीत है। शरीर में एकत्र वसा का खंडित होना चयापचय की दृष्टि से कहीं अधिक कुशल प्रक्रिया है, क्योंकि वसा के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा कार्बोहाइड्रेट के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा से कहीं अधिक होती है। इसका मतलब है कि धावक कुल मिलाकर कम ऊर्जा का उपयोग करेंगे और कम थकेंगे तथा दौड़ के दिन तेजी से दौड़ने में सक्षम होंगे।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल में शामिल रही हरियाणा की झांकी

# दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गूंजा 'जय हरियाणा- विकसित हरियाणा'

- झांकी में दिखी विकसित हरियाणा की झलक
- आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ डिजिटल हरियाणा को किया गया प्रदर्शित

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

'जय हरियाणा, विकसित हरियाणा' गीत की गूंज मंगलवार को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर सुनाई दी। मौका था दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल का, जिसमें हरियाणा प्रदेश की झांकी को लगातार तीसरी बार शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ है। इस वर्ष हरियाणा की झांकी का थीम 'मेरा परिवार-मेरी पहचान' रखा गया है।

दिल्ली के कर्तव्य पथ पर मंगलवार को गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रैस रिहर्सल आयोजित की गई जिसमें केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के अलावा देश के अलग-अलग राज्यों की झांकियां भी प्रदर्शित की गईं। इसमें हरियाणा की झांकी भी शामिल थी। हरियाणा की झांकी के साथ दोनों तरफ हरियाणवी पारम्परिक वेशभूषा में महिला कलाकार हरियाणवी नृत्य करती नजर आती है। इस दौरान हरियाणवी बोली में गीत भी बजता है, जिसके बोल है, 'जय हरियाणा, विकसित हरियाणा, सीधे साधे लोग हैं इसके, दूध दही का पीणा खाणा, सुंदर सड़कें समतल चौड़ा, यातायात का ताना-बाना, पल-पल चलती रेल मेट्रो सुगम सभी का आना-जाना, सुख, समृद्धि, खुशहाली और अमन चैन का यहां ठिकाना, वर्तमान है उज्जवल इसका, भविष्य सुरक्षित सबने माना, इतना सब कुछ मेरे सुबे में क्युं ना मन चाहवै इतराणा-जय हरियाणा'।

राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार हरियाणा की झांकी को इस वर्ष लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में शामिल किया गया है। झांकी के अग्रणी भाग (ट्रैक्टर) में एक स्कूली छात्रा दर्शायी गई है, जिसके हाथ में टैबलेट है, जो डिजिटल हरियाणा का प्रतीक है। ध्यान रहे कि राज्य सरकार ने अपने महत्वकांक्षी ई-अधिगम कार्यक्रम के तहत सरकारी स्कूलों में 10वीं से 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले पांच लाख से अधिक विद्यार्थियों को निःशुल्क टैबलेट वितरित कर रिकॉर्ड कायम किया था। इसके पीछे सरकार की सोच यही थी कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी डिजिटल रूप से शिक्षा ग्रहण कर सकें। इसके अलावा इस अग्रणी भाग में ही नीचे के हिस्से में परिवार पहचान पत्र के माध्यम से आमजन मानस को आसानी से मिलने वाली सुविधाओं तथा सेवाओं को दर्शाया गया है। उदाहरण के तौर पर परिवार पहचान पत्र में दर्ज डाटा के हिसाब से पात्र परिवारों को राशन वितरण, पेंशन, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, आयुष्मान भारत योजना, छात्रवृत्ति, सब्सिडी आदि का लाभ आसानी से मिल पा रहा है।

झांकी के पीछे वाले भाग (ट्राला) पर सबसे पहले हरियाणा में फूलों की खेती करती महिला किसान दर्शाई गई है जो कि आधुनिक खेती के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण का परिचायक है। प्रवक्ता ने बताया कि इस भाग के बीच वाले हिस्से में इंटरनेशनल सोलर अलॉयंस का हरियाणा में स्थापित मुख्यालय को दर्शाया गया है। यह मुख्यालय गुरुग्राम जिला के गांव ग्वाल पहाड़ी के निकट बनाया गया है। यह मुख्यालय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर सौर संसाधन सम्पन्न देशों के बीच उनकी विशेष ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में सहयोग के लिए एक मंच प्रदान करता है। यही नहीं, झांकी के मध्य और अंतिम भाग में हरियाणा में मजबूत होते इंफ्रास्ट्रक्चर को दर्शाया गया है, जिसमें मुख्य रूप से बेहतर सड़कों विशेषकर हाईवे का जाल बिछाने और मेट्रो रेल सेवा को शामिल किया गया है। इस झांकी में प्रदेश के अर्बन डेवलपमेंट के अनूठे मॉडल को भी जगह मिली है।

इसके अलावा, प्रदेश में बने इंडस्ट्रियल फ्रेंडली माहौल की वजह से बढ़ रहे ओद्यौगिकीकरण को भी दिखाया गया है। इस भाग के नीचे वाले हिस्से में दोनों तरफ हिसार के राखीगढ़ी में की जा रही खुदाई को दर्शाया गया है जहां पर सिंधु घाटी सभ्यता तथा हड़प्पा पूर्व की सभ्यता के अवशेष मिले है।

दिल्ली के कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी को होने वाली राष्ट्रीय स्तर की गणतंत्र दिवस परेड को देखने वाले लोगों को हरियाणा की इस पौराणिक और आधुनिकता के समावेश वाली झांकी को देखने का मौका मिलेगा। चूंकि भारत की इस परेड को देश व दुनिया में देखा जाता है, इसलिए हरियाणा की संस्कृति के साथ-साथ इंफ्रास्टक्चर, कृषि, ओद्यौगिकीकरण में आ रही आधुनिकता का संदेश इस झांकी के माध्यम से देश व दुनिया में जाएगा।

गृहमंत्री शाह ने डिजिटल फोरेंसिक उत्कृष्टता केंद्र का किया उद्घाटन

# भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली 5 वर्षों में विश्व की सबसे आधुनिक होगी

केंद्र सरकार ने पुरानी आपराधिक न्याय प्रणाली में किए अहम बदलाव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने देश में एक सौ पचास वर्ष पुरानी आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। सरकार तीन नए कानून भी लेकर आई है। केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गांधीनगर में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय में डिजिटल फोरेंसिक उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली आने वाले पांच वर्षों में विश्व की सबसे अधिक आधुनिक प्रणाली होगी।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि सरकार ने देश में एक सौ पचास वर्ष पुरानी आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। सरकार तीन नए कानून भी लेकर आई है। उन्होंने कहा, भारत में पहली बार बड़े साहस के साथ हमने निर्णय किया है कि सात साल और उससे बड़ी सजा के लिए हर क्राइम सीन पर फोरेंसिक साइंस ऑफिसर का विजिटर विजिट कंपल्सरी कर दिया है। मैं मानता हूं कि इससे इन्वेस्टीगेशन को भी सरलता मिलेगी।

### तेजी से बदल रही तकनीक

पुलिस को आधुनिक बनाने की पहल शुरू सरकार अपने बुनियादी ढांचे को बदले बिना तकनीक का इस्तेमाल कर पुलिस प्रणाली को आधुनिक बनाने की 'बड़ी चुनौती' पर काम कर रही है। तकनीक तेजी से बदल रही है। पुलिस को अपराधियों से दो पीढ़ी आगे रहने की जरूरत है।




### जस्टिस सिस्टम के सभी न्यायाधीशों को भी होगी सरलता

न्याय का काम करने वाले जस्टिस सिस्टम के सभी न्यायाधीशों को भी सरलता होगी। प्रोसीक्यूशन एजेंसी को भी सरलता होगी और सजा का दर बढ़ाने में भी हमें बहुत बड़ी सफलता मिलेगी। इसके साथ-साथ पूरी प्रक्रिया को हम आधुनिक बनाने का भी प्रयास कर रहे हैं।

### हाईब्रिड, बहु-आयामी खतरे बने चुनौती

उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) जैसी तकनीक से पैदा हाईब्रिड और बहु-आयामी खतरे हमारे सामने चुनौती पेश करते हैं। हमारी प्रणाली की सुरक्षा के लिए एक नेटवर्क बनाने की जरूरत है। शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने नौ हजार से ज्यादा वैज्ञानिक, अधिकारियों और फोरेंसिक अधिकारियों की जरूरत को पूरा करने के लिए कदम उठाए हैं। जिनकी देश में हर साल भर्ती की जरूरत होगी।

### फोरेंसिक विशेषज्ञों की मांग को पूरा किया

इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि ज्यादा से ज्यादा पांच साल के बाद भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली विश्व की सबसे आधुनिक क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम होगा। इससे अपराधों पर भी लगाम लग सकेगी। उल्लेखनीय है कि आपराधिक न्याय प्रणाली में फोरेंसिक विशेषज्ञों की मांग को पूरा करने के लिए नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई है। 3 नए आपराधिक कानूनों के लागू हो जाने से अगले पांच वर्षों में देश की अपराध को लेकर न्याय प्रणाली दुनिया में सबसे उन्नत होगी। वह भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का जिक्र कर रहे थे। जब तक हम न्यायिक प्रक्रिया के सभी हितधारकों को फोरेंसिक साइंस के साथ नहीं जोड़ते, तब तक हमें लाभ नहीं होगा। फोरेंसिक साइंस का इस्तेमाल जांच, अभियोजन और न्याय के लिए किया जाना चाहिए।

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में नदी में नाव पलटी

# 2 महिलाओं की मौत और 4 लापता, सर्च ऑपरेशन जारी



एजेंसी ⏭ गढ़चिरौली


महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में बड़ा हादसा हादसा हुआ है। यहां की वैनगंगा नदी में नाव पलटने से 6 महिलाएं डूब गई है। 2 महिलाओं के शव बरामद किए जा चुके हैं। 4 अन्य महिलाएं लापता हैं उनकी खोज की जा रही है। मौके पर पुलिस प्रशासन के अधिकारी पहुंच गए हैं। लापता महिलाओं को खोजने के लिए नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। हादसे के बाद इलाके में कोहराम मचा हुआ है।

### वैनगंगा पार कर जा रही थीं मिर्ची तोड़ने

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली इलाके के गांव गनपुर निवासी 6 महिलाएं नाव के जरिए वैनगंगा नदी पार कर दूसरी तरफ खेत में मिर्ची तोड़ने के लिए जा रहीं थीं। उनकी नाव अचानक नदी में पलट गई और हादसा हो गया। नाव पलटने से सभी महिलाएं नदी में डूब गईं। मौके पर मौजूद लोगों ने महिलाओं को बचाने की कोशिश की लेकिन नदी के पानी का प्रवाह तेज होने के कारण वह धारा के साथ बह गईं।

### गोताखोरों को बुलाया

हादसा मंगलवार की सुबह का है। पुलिस मौके पर पहुंची। महिलाओं को तलाशने के लिए गोताखोर भी बुला लिए गए। नदी में डूबी 6 महिलाओं में से 2 के शव बरामद किए जा चुके हैं। वहीं, अन्य 4 महिलाएं लापता है, जिनको ढूंढने का काम रेस्क्यू और सर्च टीम की मदद से किया जा रहा है।



# सरकार ने सोने-चांदी के आयात पर ड्यूटी बढ़ाकर 15 फीसदी की, कीमतों पर होगा असर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने बजट से पहले ही सोने और चांदी के ऊपर बड़ा फैसला ले लिया है। वित्त मंत्रालय ने सोने और चांदी के ऊपर लगने वाली आयात ड्यूटी बढ़ा दी है और इसको 12.50 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया है। इसके अलावा कीमती मेटल्स के सिक्कों के ऊपर भी कस्टम ड्यूटी में इजाफा कर दिया है। सोने और चांदी से जुड़े छोटे कंपोनेंट्स और प्रीशियस मेटल कैटालिस्ट या कीमती मेटल्स के सिक्कों के ऊपर आयात ड्यूटी में ये बदलाव देखा गया है। सोने-चांदी के आयात ड्यूटी अब बदलकर 15 फीसदी कर दी गई है जिसमें 10 फीसदी बेसिक कस्टम ड्यूटी होगी और 5 फीसदी एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट सेस (एआईडीसी) शामिल हैं। हालांकि इस पर लगने वाले सोशल वैलफेयर सेस (एसडब्ल्यूएस) में कोई इजाफा नहीं किया गया है।

■ वित्त मंत्रालय ने कीमती मेटल्स के सिक्कों के ऊपर भी कस्टम ड्यूटी में किया इजाफा

## पहले सोने और चांदी के ऊपर लगने वाली आयात ड्यूटी 12.50 फीसदी थी

### छोटे कंपोनेंट्स पर ड्यूटी में बदलाव

*गोल्ड, सिल्वर से जुड़े छोटे कंपोनेंट जैसे कि हुक, क्लैस्प, क्लैम्प,पिन, कैच और स्क्रू के ऊपर ये आयात ड्यूटी बढ़ी है। ये छोटे कंपोनेंट खास तौर पर गहनों को पूरे या किसी खास हिस्से को होल्ड करने के लिए इस्तेमाल करते हैं।*

### कब से लागू हैं नई इंपोर्ट ड्यूटी

*आयात ड्यूटी की नई दरें 22 जनवरी से लागू हो चुकी हैं। देश का बजट आने में अब 8 दिन बाकी हैं और ये 1 फरवरी 2024 को पेश होगा। वित्त मंत्रालय ने बजट में इसकी घोषणा करने की बजाए इसे 22 जनवरी से ही लागू कर दिया है।*



### प्रीशियस मेटल्स कैटालिस्ट के ऊपर भी बढ़ी ड्यूटी

*प्रीशियस मेटल्स कैटालिस्ट के ऊपर लगने वाली आयात ड्यूटी को भी बढ़ाया गया है और इसे बढ़ाकर 14.35 फीसदी कर दिया गया है। इसमें 10 फीसदी की बेसिक कस्टम ड्यूटी और 4.35 फीसदी की एआईडीसी लगेगी। इस पर सोशल वैलफेयर सेस लगेगा।*

### सरकार ने क्यों लिया फैसला

केंद्र सरकार ने ये फैसला इसलिए लिया है क्योंकि सोने-चांदी के रॉ आयात और गोल्ड-सिल्वर के कंपोनेंट्स पर लगने वाली इंपोर्ट ड्यूटी में संतुलन नहीं था और इसका इस्तेमाल सही से नहीं हो पा रहा था। अब इस आयात ड्यूटी में संतुलन बनाने के लिए ये निर्णय वित्त मंत्रालय की ओर से लिया गया है।

## खबर संक्षेप



### भारत इनोवेटिव ग्लास करेगी तमिलनाडु में 1003 करोड़ निवेश

**चेन्नई।** अमेरिका स्थित भारत इनोवेटिव ग्लास टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने तमिलनाडु में 1,003 करोड़ रुपये की लागत से एक नई सुविधा स्थापित करने की योजना बनाई है। मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन की मौजूदगी में कंपनी ने मंगलवार को इस संबंध में तमिलनाडु सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। भारत इनोवेटिव ग्लास टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (बीआईजी टेक) ऑप्टिमस इन्फ्राकॉम लिमिटेड और कॉर्निंग इंटरनेशनल कॉरपोरेशन के बीच एक संयुक्त उद्यम है।

### सोना 100 रुपए चढ़ा चांदी 200 रुपए मजबूत



**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 100 रुपये की बढ़त के साथ 63,250 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 200 रुपये की मजबूती के साथ 75,700 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। इससे पूर्व यह 75,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'विदेशी बाजारों में सुधार के बीच दिल्ली के बाजार में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 100 रुपये की तेजी के साथ 63,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही थीं।'

## स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट का सिलसिला जारी रहा

# सेंसेक्स 1,053 अंक टूटकर 71,000 अंक से नीचे फिसला



भाषा ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 1,053 अंक लुढ़क कर 71,000 अंक के नीचे आ गया। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के साथ वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनियों एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एसबीआई में बिकवाली से बाजार नीचे आया। कारोबारियों के अनुसार, कंपनियों के तिमाही परिणाम उम्मीद के अनुरूप नहीं रहने को लेकर चिंता के बीच बिकवाली दबाव देखने को मिला। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में करीब 450 अंक की बढ़त के साथ खुला। लेकिन बाद में यह 1,053.10 अंक यानी 1.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 70,370.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह नीचे में 70,234.55 अंक तक आया, जबकि ऊंचे में 72,039.20 अंक तक गया। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 330.15 अंक यानी 1.53 प्रतिशत लुढ़क कर 21,241.65 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अच्छी शुरुआत के बावजूद बाजार में अचानक से गिरावट शुरू हुई और यह अंत में नुकसान में रहा। इसका मुख्य कारण सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले खासकर वित्तीय क्षेत्र के शेयरों में बिकवाली है।'' उन्होंने कहा, ''उच्च मूल्यांकन और कंपनियों के अबतक मिले-जुले वित्तीय परिणाम के साथ पश्चिम एशिया और लाल सागर में तनाव बढ़ने से निवेशकों ने हाल की तेजी के बाद मुनाफावसूली को तरजीह दी। कंपनियों के तिमाही परिणाम आने के साथ आने वाले दिनों में बाजार में शेयर केंद्रित गतिविधियां देखने को मिल सकती है।''सेंसेक्स की कंपनियों में इंडसइंड बैंक सबसे ज्यादा 6.13 प्रतिशत नीचे आया। इसके अलावा एसबीआई (3.99 प्रतिशत), हिंदुस्तान यूनिलीवर (3.82 प्रतिशत), एक्सिस बैंक (3.41 प्रतिशत) और एचडीएफसी बैंक (3.23 प्रतिशत) में अच्छी-खासी गिरावट रही। दूसरी तरफ सन फार्मा, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और पावरग्रिड बढ़त में रहे। इनमें 3.67 प्रतिशत तक की तेजी रही। टीसीएस और बजाज फिनसर्व भी लाभ में रहे।

### सेंसेक्स के 30 शेयरों में 24 नुकसान में रहे

एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ में रहे। जबकि जापान का निक्की नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त में रहे थे। घरेलू शेयर बाजार 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के कारण बंद थे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बीएसई में शनिवार को सामान्य कारोबार हुआ था। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79.74 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। वैश्विक संस्थागत निवेशकों ने शनिवार को 545.58 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। सेंसेक्स शनिवार को 259.58 अंक और निफ्टी 50.60 अंक टूटा था।

### भारतीय शेयर बाजार बना दुनिया का चौथा सबसे बड़ा स्टॉक मार्केट

*मार्केट कैपिटलाइजेशन के हिसाब से भारतीय शेयर बाजार ने एक नया ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है। सोमवार को शेयर बाजार बंद होने के बाद घरेलू बाजार में लिस्टेड एक्सचेंजों का कंबाइंड मार्केट कैप 4.33 ट्रिलियन डॉलर को छू गया। इसके मुकाबले हॉन्गकॉन्ग के शेयर बाजार का मार्केट कैप 4.29 ट्रिलियन डॉलर के लेवल पर बना हुआ था। आज सुबह बीएसई का मार्केट कैपिटलाइजेशन ही 3.72 लाख करोड़ रुपये के पार निकल चुका था। सुबह सेंसेक्स की शुरुआत करीब 450 अंकों की तेजी के साथ हुई थी और निफ्टी की शुरुआत 21700 के लेवल के पार जाकर देखी गई थी।*

**भारत की ग्रोथ स्टोरी पर निवेशकों का भरोसा**

*ब्लूमबर्ग के डेटा के मुताबिक ये खबर आई है, देश के शेयर बाजार और इसके निवेशकों के लिए ये बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है और भारत की ग्रोथ स्टोरी पर घरेलू निवेशकों के साथ-साथ विदेशी निवेशकों के भरोसे को दिखाने वाली खबर है। भारतीय शेयर बाजार ने 5 दिसंबर 2023 में पहली बार 4 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के ऐतिहासिक शिखर को छू लिया था। इक्विटी मार्केट में रिटेल इंवेस्टर्स की लगातार बढ़ती भागीदारी के असर से शेयर बाजार का निवेश दायरा ज्यादा मजबूत हुआ है और स्टॉक मार्केट में एक के बाद एक शानदार रैली देखी जा रही है।*

## पावरग्रिड ने सिविल अस्पताल, फरीदाबाद को चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति के लिए डीसी फरीदाबाद के साथ समझौता ज्ञापन समझौते पर हस्ताक्षर किए



**नई दिल्ली।** पावरग्रिड, उत्तरी क्षेत्र-I द्वारा दिनांक 9 जनवरी 2024 को पावरग्रिड की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के पहल के तहत जिला आयुक्त , फरीदाबादके साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। उक्त समझौता ज्ञापन पर पावरग्रिड की ओर से श्री अशोक कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक (मा. सं-सीएसआर) और फरीदाबाद के उपायुक्त श्री विक्रम ने श्री एसकेवर्मा, महाप्रबंधक (मा.सं) पावरग्रिड, श्री गौरव सिंह, अतिरिक्त सीईओ, हरियाणा सीएसआरट्रस्ट और श्री विनय गुप्ता, सीएमओ, सिविल अस्पताल, फरीदाबाद की उपस्थिति में हस्ताक्षरकिए। हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अनुसार, पावरग्रिड सिविल अस्पताल, फरीदाबाद और इसकेसंलग्न पीएचसी को 1.68 करोड़ रुपये के चिकित्सा उपकरण प्रदान करेगा, जो जरूरतमंद रोगियोंको प्रभावी उपचार प्रदान करने में अस्पताल को अत्यधिक लाभ पहुंचाएगा।


## पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति का शव जिसका **नाम**: नामालूम, **पुत्र**: नामालूम, **पता**: नामालूम, जिसकी **उम्र**: 45 साल, **कद**: 5'7", **रंग**: गेहुँआ, **शरीर**: पतला, **पहनावा**-नीले रंग की जींस और ऊनी शर्ट पहने हुए है व मूंछें और दाढ़ी है। जो दिनांक 19.01.2024 को अर्जुन नगर बस स्टॉप, रोड नंबर-57, कृष्णा नगर मेट्रो स्टेशन के पास जगतपुरी, दिल्ली में मृत पाया गया । इस संदर्भ में **डीडी सं. 41A दिनांक 19.01.2024 को पुलिस थाना जगतपुरी, दिल्ली में दर्ज है।** स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस मृत व्यक्ति का कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है । अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें ।

थानाअध्यक्ष
पुलिस थाना जगतपुरी, दिल्ली
DP/917/SHD/2024 Ph. : 8595868063, 7065036023

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआर.पी.सी. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नज़रूल इस्लाम, पुत्र लाल चन्द शेख,** निवासी मकान नं. 327, ब्लॉक–एच, जेजे कॉलोनी, बक्करवाला, नांगलोई, दिल्ली ने **मुकदमा प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 275/2021, धारा 4(सी) डीपीटी व एमएटी एक्ट** के तहत थाना पहाड़गंज, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नज़रूल इस्लाम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नज़रूल इस्लाम** फरार हो गया हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 275/2021, धारा 4(सी) डीपीटी व एमएटी एक्ट** के तहत थाना पहाड़गंज, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **नज़रूल इस्लाम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 12.03.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**दीपक कुमार–1**
**अतिरिक्त मुख्य महानगर दंडाधिकारी–01**
**(केन्द्रीय जिला) कमरा नं. 366, तीसरा तल**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**
DP/858/CD/2024


## भारतीय कंपनियों को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य पाने का भरोसा: सर्वे

**नई दिल्ली।** भारतीय कंपनियों को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने का भरोसा है। डेलॉयट टच तोहमात्सू इंडिया एलएलपी के बजट से पहले किए गए एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। भारतीय उद्योग जगत ने कहा कि बुनियादी ढांचे में निवेश, अतिरिक्त सुधार और उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए केंद्र सरकार से मिल रहे समर्थन के बल पर उन्हें यह भरोसा है। डेलॉयट ने बयान में कहा कि कारोबारी हस्तियों को अगले वित्त वर्ष में मजबूत आर्थिक वृद्धि की उम्मीद है और लगभग 50 प्रतिशत को भरोसा है कि देश वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज करेगा। उद्योग में क्षेत्रवार बात करें तो ऑटोमोटिव (50 प्रतिशत), उपभोक्ता और खुदरा (66 प्रतिशत), प्रौद्योगिकी, मीडिया और दूरसंचार (47 प्रतिशत) और ऊर्जा, संसाधन और औद्योगिक क्षेत्र (44 प्रतिशत) को उच्च वृद्धि की उम्मीद है। सर्वेक्षण में भारतीय उद्योग जगत ने कहा कि सरकारी पहल, व्यापार सहयोग में वृद्धि, लॉजिस्टिक्स लागत में कमी, और औद्योगिक उत्पादन बढ़ाने की नीतियों के चलते वृद्धि की गति बढ़ेगी।

**मलेशिया एयरलाइंस की भारत में विस्तार की योजना (नई दिल्ली)।** मलेशिया एयरलाइंस जल्द ही एक भारतीय वाहक के एक 'कोडशेयर' साझेदारी करेगी और साथ ही देश में पूर्वोत्तर तथा दक्षिणी गंतव्यों तक अपने परिचालन का विस्तार करेगी। मलेशिया एविएशन ग्रुप के समूह प्रबंध निदेशक कैप्टन इज़हाम इस्माइल ने बातचीत में कहा, ''भारत हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 'अबुआ आवास योजना' अन्तर्गत स्वीकृति पत्र बांटे




**रांची।** अबुआ आवास योजना के तहत प्रथम चरण में खूंटी और सिमडेगा के लाभार्थियों को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि 'झारखण्ड के आदिवासी मूलवासी और जरूरतमंद लोग बढ़ रहे हैं। बिहार राज्य से अलग होने के बाद झारखण्ड का यह पहला कदम है, जब सरकार लोगों को मान-सम्मान और अधिकार के साथ जीवन यापन कर सकने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस कड़ी में राज्य सरकार की अबुआ आवास योजना का शुभारम्भ यहां से हो रहा है। आज यहां आबुआ आवास योजना के तहत लोगों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। पूर्व में भी आपके बीच आकर आपको सरकार की योजनाओं से अवगत कराया गया। अलग अलग समय पर पदाधिकारियों ने आपके द्वार जाकर आपकी समस्याओं के समाधान का प्रयास किया है।'मुख्यमंत्री ने कहा खूंटी और सिमडेगा के लाभार्थी अब अबुआ आवास निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। खूंटी और सिमडेगा में करीब 75 हजार अबुआ आवास का निर्माण विभिन्न चरणों में होगा। राज्य संपोषित है 'अबुआ आवास योजना।' मुख्यमंत्री ने कहा गरीबों को आवास देने की सूची राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को उपलब्ध कराया था। इसमें आठ लाख लोगों को आवास उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया था। इसकी सूची पोर्टल में भी अपलोड कर दिया गया। यह तीन कमरों और रसोईघर युक्त पक्का आवास होगा। पूर्व में पीएम आवास योजना के तहत दो कमरों का आवास निर्माण किया जाता था, जिसके लिए एक लाख 30 हजार रुपए दिए जाते थे। आपकी सरकार अबुआ आवास निर्माण हेतु 02 लाख रुपए दे रही है। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान करीब 30 लाख आवेदन प्राप्त हुए। जब इन आवेदनों को सत्यापन किया गया।


## ज्योतिष

**इंडिया के नं 1 तांत्रिक गुरु भवानी जी**
**खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ**



**7 इल्मों के माहिर**
आपके विश्वास का एक ही नाम
21सालों से एक ही स्थान पर
**स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी**
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन,सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
**9988289240**



## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## गुरूजी जीडी वशिष्ठ जी ने प्रथम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एनेबल्ड ज्योतिष कियोस्क का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** गुरूजी जीडी वशिष्ठ जी ने इतिहास रचते हुए आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस (AI) के साथ भविष्य को प्रकट करने वाले पहले एआई-एनेबल्ड ज्योतिष कियोस्क का उद्घाटन किया। इस नई पहल के माध्यम से गुरूजी वशिष्ठ जी ने 15 साल की मेहनत और करोड़ों के निवेश के बाद एक ऐसा सॉफ्टवेयर तैयार किया है जो चुटकियों में भविष्य और उपाय बता सकता है। गुरूजी जीडी वशिष्ठ जी ने प्रेस वार्ता में बताया कि आज के युग में ज्योतिष को पूरी तरह से वैज्ञानिक माना और इसे सभी को स्वीकार करेन की आवश्यकता है, बस सब्र से इसका स्वागत करना होगा। उन्होनें यह भी बताया कि हमारा शरीर, आत्मा, कर्म और विचार सभी जन्मकुंडली में बैठे ग्रहों के प्रति आधारित हैं। इस नई और आधुनिक तकनीकी उपयोग से बने 'एआई एस्ट्रोसाइंस कियोस्क' के माध्यम से लोग अपने भूतकाल, वर्तमान और भविष्य को असानी से जान सकते हैं। इस कियोस्क के माध्यम से किसी को भी अपने परिवार के जीवन समस्याओं का समाधान और सरल उपाय प्राप्त हो सकता है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक वार्ड नं. 9 में सेक्टर-2 के भाग में इन्द्रजीत और कर्मबीर के मकान तक ग्रीन बेल्ट की मरम्मत हेतु आकलन। | 19.01.2024 29.01.2024 | 4.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | डेरा बाबा नावा नाथ संत शिरोमणि कबीर सत्संग भवन सेवा समिति, संजय नगर, राहद रोड, रोहतक में विकास कार्य का निर्माण + 1 कार्य। | 19.01.2024 29.01.2024 | 16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/40/24386/I/88/7 दि. 23.01.24

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | सेक्टर-34-35, उद्योग विहार, फेज-VII, गुरुग्राम में विभिन्न स्थानों पर पैच वर्क द्वारा सड़कों की मरम्मत। | 23.01.2024 06.02.2024 | 19.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0124-2398418 ia.gurugram@hsiidc.org.in |
| 2 | एचएसआईआईडीसी | ईएमसी, एचएसआईआईडीसी, आईएमटी सोहना में एएसपी आधारित (विस्तारित क्षेत्र) 10 एमएलडी क्षमता के सीईटीपी का निर्माण, टैरिटेयरी ट्रीटमेंट सहित तकनीक और उसके पश्चात डीएलपी सहित 10 वर्षों का रखरखाव। | 25.01.2024 22.02.2024 | 34.18 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9910728120 ia.sohna@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/40/24391/I/88/7 दि. 23.01.24


## राशिफल

**मेष** — परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** — सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।


**धनु** — जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

## शब्द पहेली - 5404




**बाएँ से दाएँ**
1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**
1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

### शब्द पहेली- 5403 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | गा | म | ■ | अ | ■ | त | र | ब | त | र |
| ल | ■ | त | म | स | ■ | ह | म | ला | ■ | खै |
| क | श | ■ | ■ | ल | ■ | ल | ■ | ■ | का | ल |
| ■ | ही | ■ | क | हा | नी | का | र | ■ | र | ■ |
| ब | द | मा | श | ■ | र | ■ | च | म | क | ना |
| ■ | ■ | ■ | ल | क्ष | ■ | सी | ना | ■ | ■ | ■ |
| र | त | ज | गा | ■ | आ | ■ | का | म | या | ब |
| ■ | र | ■ | ना | ना | स | सु | र | ■ | च | ■ |
| रा | ह | ■ | ■ | म | ■ | रा | ■ | ■ | क | म |
| ह | ■ | त | ना | व | ■ | पा | य | ल | ■ | हु |
| त | ल | ब | गा | र | ■ | न | ■ | ब | ल | वा |



# महिला आईपीएल शेड्यूल जारी : पहला मुकाबला मुंबई इंडियंस व दिल्ली कैपिटल के बीच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विमेंस प्रीमियर लीग के दूसरे संस्करण के लिए पूरे शेड्यूल का ऐलान कर दिया गया है। पहला मैच पिछले सीजन की चैंपियन रही मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा। यह मैच 23 फरवरी को बेंगलुरु केएम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। साल 2024 के संस्करण में कुल 22 मैच खेले जाएंगे। फाइनल 17 मार्च को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। 24 दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में एक भी डबल हेडर नहीं है। हर दिन 1 ही मैच होगा। इस सीजन टूर्नामेंट के सभी मुकाबले शाम 7:30 बजे शुरू होंगे। गौरतलब है कि पिछले साल महिला आईपीएल में मेग लैनिंग ने सबसे ज्यादा 345 रन बनाए थे। हेले मैथ्यूज ने 10 मैच में 16 विकेट लिए थे।

### फरवरी माह में कहां-कहां होंगे मैच

**23 फरवरी-** मुंबई बनाम दिल्ली
**24 फरवरी-** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर बनाम यूपी वॉरियर्स
**25 फरवरी-** गुजरात जायंट्स बनाम मुंबई,
**26 फरवरी-** यूपी वॉरियर्स बनाम दिल्ली
**27 फरवरी-** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर बनाम गुजरात जायंट्स
**28 फरवरी-** मुंबई बनाम यूपी वॉरियर्स
**29 फरवरी-** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर बनाम दिल्ली




### मार्च माह में होने वाले मैचों का शेड्यूल

*शेड्यूल के अनुसार 1 मार्च- यूपी वॉरियर्स बनाम गुजरात जायंट्स, 2 मार्च- रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर बनाम मुंबई, 3 मार्च- गुजरात जायंट्स बनाम दिल्ली, 4 मार्च- यूपी वॉरियर्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, 5 मार्च- दिल्ली बनाम मुंबई, 6 मार्च- गुजरात जायंट्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, 7 मार्च- यूपी वॉरियर्स बनाम मुंबई, 8 मार्च- दिल्ली बनाम यूपी वॉरियर्स, 9 मार्च- मुंबई बनाम गुजरात जायंट्स, 10 मार्च- दिल्ली बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर , 11 मार्च- गुजरात जायंट्स बनाम यूपी वॉरियर्स, 12 मार्च- मुंबई इंडियंस बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, 13 मार्च- दिल्ली बनाम गुजरात जायंट्स, 15 मार्च- एलिमिनेटर, 17 मार्च- फाइनल दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में।*

### इस फॉर्मेट में खेला जाएगा टूर्नामेंट

टूर्नामेंट के शुरुआती 11 मैच बेंगलुरु में खेले जाएंगे। इसके बाद सभी टीमें दिल्ली जाएंगी, जहां और सभी मैच खेले जाएंगे। ग्रुप स्टेज में 20 मुकाबले खेले जाएंगे। ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम सीधे फाइनल में खेलेगी। दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम के बीच एलिमिनेटर मुकाबला खेला जाएगा।

## खबर संक्षेप



### किरन जॉर्ज इंडोनेशिया मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ में

**जकार्ता।** भारत के किरण जॉर्ज ने इंडोनेशिया मास्टर्स 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरूष एकल क्वालीफाइंग दौर में दो करीबी जीत के बाद मुख्य ड्रॉ में प्रवेश कर लिया। कोच्चि के 23 वर्ष के जॉर्ज ने अब तक दो सुपर 100 खिताब 2022 ओडिशा ओपन और 2023 डेनमार्क मास्टर्स जीते हैं । उन्होंने इंडोनेशिया के शेसार हिरेन रूस्टावितो को 21-17, 12-21, 21-15 से हराया। इससे पहले उन्होंने फ्रांस के एलेक्स लेनियर को 12-21, 21-18, 22-20 से मात दी थी। मुख्य ड्रॉ में सातवीं वरीयता प्राप्त एच एस प्रणय पूर्व विश्व चैम्पियन सिंगापुर के लो कीन यू के खिलाफ अभियान का आगाज करेंगे। वहीं लक्ष्य सेन का सामना चीन के वेंग होंग यांग से होगा।

### ब्राइटन को वोल्वर हैम्पटन ने गोल रहित बराबरी पर रोका



**ब्राइटन।** जेम्स मिल्नर इंग्लिश प्रीमियर लीग में सर्वाधिक मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की सूची में सोमवार को दूसरे स्थान पर पहुंच गए लेकिन उनकी टीम ब्राइटन को वोल्वरहैम्पटन ने गोल रहित बराबरी रोक दिया। मिल्नर 38 साल की उम्र में सोमवार को एमेक्स स्टेडियम में अपना 633वां प्रीमियर लीग मैच खेलने उतरे। उन्होंने रेयान गिग्स को पीछे छोड़ा जिन्होंने 632 मैच खेले थे। मिल्नर से अधिक मैच अब सिर्फ गैरेथ बैरी के नाम दर्ज हैं जिन्होंने 653 प्रीमियर लीग मुकाबले खेले हैं। मिल्नर हालांकि सोमवार को वोल्वरहैम्पटन के खिलाफ अपनी टीम को घरेलू मैदान पर जीत दिलाने में नाकाम रहे। इस ड्रॉ के बावजूद ब्राइटन की टीम मैनचेस्टर यूनाईटेड से एक स्थान ऊपर सातवें पायदान पर पहुंच गई है।

### पाकिस्तान क्रिकेट की स्थिति बेहद दुखदः मियांदाद

**कराची।** महान बल्लेबाज जावेद मियांदाद ने पाकिस्तान में क्रिकेट के संचालन के तरीके पर दुख जताते हुए कहा है कि राष्ट्रीय टीम में लगातार नियुक्तियों और बदलावों ने खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को हिला दिया है।



मियांदाद ने यहां सिंध प्रीमियर लीग के शुभारंभ के लिए आयोजित एक समारोह के दौरान मीडिया से कहा, ''मैंने दुनिया में कहीं भी क्रिकेट प्रशासन वैसा नहीं देखा जैसा हम पाकिस्तान में देखते हैं और ये स्थिति बेहद दुखद है।'' पाकिस्तान के लिए 124 टेस्ट खेलने वाले इस पूर्व कप्तान ने कहा कि हाल के दिनों में क्रिकेट प्रशासन का टीम और खिलाड़ियों पर भी बुरा प्रभाव पड़ा है। पीसीबी में फिर नियुक्तियों का दौर एक दिवसीय विश्व कप के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में एक बार फिर नियुक्तियों का दौर चला है।

## क्रिकेट : इंडिया व इंग्लैंड के बीच कल से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज

# टीम इंडिया का 11 साल से जलवा बरकरार 46 मुकाबलों में 36 जीत, सात मैच रहे ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और इंग्लैंड के बीच कल 25 जनवरी से टेस्ट सीरीज का आगाज होने जा रहा है। इंग्लैंड जीत के इरादे से एक मजबूत टीम लेकर भारत आई है जिसके कप्तान बेन स्टोक्स हैं।

अपने घर में टीम इंडिया का एक ऐसा धांसू रिकॉर्ड है, जिसे देखकर इंग्लैंड के होश उड़ जाएंगे। पिछले 11 साल के आंकड़े बताते हैं कि भारत को घर में हराना विरोधी टीमों के लिए एक सपने की तरह है, क्योंकि भारतीय पिचों पर टीम इंडिया के खिलाड़ियों का कोई तोड़ नहीं है। 2012 के बाद जो भी टीम भारत दौरे पर आई है, उसे टीम इंडिया ने बुरी तरह से हराया है।

### पिछले 11 सालों में 16 टेस्ट सीरीज जीतीं

भारत ने अपने घर में आखिरी टेस्ट सीरीज दिसंबर 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ हारी थी। इसके बाद से उसने 16 टेस्ट सीरीज खेलीं। सभी में जीत हासिल की। इस दौरान टीम इंडिया ने 46 टेस्ट खेले, जिनमें से सिर्फ 3 गंवाए, 36 जीते, जबकि 7 टेस्ट मैच ड्रॉ रहे हैं। खास बात ये है कि अपने घर में लगातार सबसे ज्यादा टेस्ट सीरीज जीतने के मामले में टीम इंडिया टॉप पर काबिज है। भारत के अलावा कोई भी टीम अपने घर पर लगातार 10 से ज्यादा टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी है।



### पहले 2 टेस्ट के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल , केएस भरत (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा , अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), आवेश खान।

### इंग्लैंड की टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, जेम्स एंडरसन, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, शोएब बशीर, डेन लॉरेंस, जैक क्रॉली, बेन डकेट, बेन फॉक्स, टॉम हार्टले, जैक लीच, ओली पोप, ओली रॉबिन्सन, जो रूट और मार्क वुड।

### टेस्ट में भारत-इंग्लैंड के हेड टू हेड आंकड़े

*अगर भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट इतिहास की बात करें तो अभी तक 131 टेस्ट मैच खेले गए हैं। इस दौरान इंग्लैंड को 50 मैचों में जीत मिली है, जबकि भारत ने 31 मैचों में इंग्लैंड को हराया है। 50 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। भारतीय सरजमीं पर यह दोनों टीमें 64 बार आमने-सामने हुई हैं, जिनमें से टीम इंडिया ने 22 जबकि इंग्लैंड ने 14 मैच जीते हैं, 28 मुकाबले ड्रा रहे।*

शीर्ष बल्लेबाज

### टेस्ट सीरीज का शेड्यूल

पहला टेस्ट- 25-29 जनवरी, हैदराबाद
दूसरा टेस्ट- 2-6 फरवरी, विशाखापट्टनम
तीसरा टेस्ट- 15-19 फरवरी, राजकोट
चौथा टेस्ट- 23-27 फरवरी, रांची
5वां टेस्ट- 7-11 मार्च, धर्मशाला

## शास्त्री, इंजीनियर को कर्नल सीके नायडू 'लाइफटाइम अचीवमेंट'

भाषा ▶▶| हैदराबाद

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और मुख्य कोच रवि शास्त्री को मंगलवार को यहां भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 'लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार' से सम्मानित किया। बीसीसीआई ने यहां एक समारोह में 2019-20 सत्र के लिए शीर्ष पुरुष और महिला खिलाड़ियों को सम्मानित किया। भारत के पूर्व विकेटकीपर फारुख इंजीनियर को भी 'लाइफटाइम अचीवमेंट' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इकसठ साल के शास्त्री ने 80 टेस्ट और 150 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में भारत का प्रतिनिधित्व किया। संन्यास लेने के बाद उन्होंने कमेंटेटर के रूप में पहचान बनाई। शास्त्री दो बार राष्ट्रीय टीम के कोच रहे। वह 2014 से 2016 तक टीम निदेशक के रूप में राष्ट्रीय टीम से जुड़े और फिर विराट कोहली की कप्तानी में 2017 से 2021 में टी20 विश्व कप तक मुख्य कोच की भूमिका निभाई। उनके मार्गदर्शन में भारत ने ऑस्ट्रेलिया में लगातार दो टेस्ट श्रृंखला जीती। उनके मार्गदर्शन में हालांकि टीम कोई आईसीसी प्रतियोगिता नहीं जीत पाई। शास्त्री के मार्गदर्शन में भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचा लेकिन न्यूजीलैंड से हार गया। भारत 2019 में एकदिवसीय विश्व कप के सेमीफाइनल में भी पहुंचा था।

## अनुप्रिया और विकास बिंद ने एथलेटिक्स में नये रिकॉर्ड बनाए

भाषा ▶▶| चेन्नई

केरल की अनुप्रिया वी.एस. और मध्य प्रदेश के विकास बिंद ने मंगलवार को यहां खेलो इंडिया युवा खेलों (केआईवाईजी) में एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के पहले दिन क्रमशः लड़कियों की गोला फेंक और लड़कों की 3000 मीटर दौड़ में नए रिकॉर्ड बनाए। अनुप्रिया ने 17.22 मीटर की दूरी तक गोला फेंक कर विधि द्वारा पिछले साल बनाए गए रिकॉर्ड में सुधार करते हुए केरल को इन खेलों में दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। पंजाब की गुरलीन कौर ने 16.38 मीटर के साथ रजत और हरियाणा की तमन्ना ने 16.35 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। बिंद ने 3000 मीटर दौड़ को आठ मिनट 29.16 सेकेंड के समय के साथ पूरा किया।

इस स्पर्धा में तीनों पदक विजेताओं ने तीन साल पहले गुवाहाटी में अर्जुन वास्कले के आठ मिनट 31.97 सेकेंड के पिछले मीट रिकॉर्ड में सुधार किया। हरियाणा के बलजीत टी (आठ मिनट 30.02 सेकेंड) और उत्तराखंड के प्रभु महतो (आठ मिनट 31.53 सेकेंड) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और महाराष्ट्र ने एथलेटिक्स में दिन के 11 पदक स्पर्धाओं में से दो-दो स्वर्ण पदक जीते।

## 'वनडे टीम ऑफ द ईयर' में छह भारतीय शामिल

### रोहित शर्मा चुने गए कप्तान




एजेंसी ▶▶| दुबई

इंटरनेशल क्रिकेट काउंसिल ने 2023 की 'वनडे टीम ऑफ द ईयर' चुनी है। दिलचस्प रूप से इस टीम में सर्वाधिक 6 भारतीय खिलाड़ियों को जगह मिली है, जिसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली भी शामिल हैं। इस टीम का कप्तान रोहित को ही बनाया गया है। बता दें कि रोहित के नेतृत्व में बीते साल में भारत ने वनडे विश्व कप 2023 में कमाल किया था और टीम उपविजेता रही थी।

### शुभमन बने साल के 'सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर'

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने शुभमन गिल को 2022-23 के लिए 'सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर' चुना है।



इसके लिए उन्हें 'पॉली उमरीगर' सम्मान दिया गया है। बता दें कि गिल साल 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। उन्होंने 48 मैच की 52 पारियों में 46.82 की औसत से 2,154 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 7 शतक और 10 अर्धशतक निकले थे।

### ऐसी है आईसीसी वनडे टीम

*आईसीसी ने भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों को बीते साल की सर्वश्रेष्ठ वनडे टीम में चुना है। विशेष रूप से इस टीम में चयनित हुए ज्यादातर खिलाड़ी वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में खेलते हुए नजर आए थे। वनडे टीम ऑफ द ईयरः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, ट्रेविस हेड, विराट कोहली, डेरिल मिचेल, हेनरिक क्लासेन, मार्को येन्सन, एडम जैम्पा, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव और मोहम्मद शमी।*

## सात्विक-चिराग पहुंचे नंबर-1 रैंकिंग पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



पिछले दो सप्ताह से शानदार प्रदर्शन कर रहे भारत के सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मंगलवार को बीडब्ल्यूएफ पुरूष युगल बैडमिंटन रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंच गए।

एशियाई खेलों की चैम्पियन यह जोड़ी मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंटों में उपविजेता रही थी। दोनों पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद पहली बार शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचे। इंडिया ओपन फाइनल में उन्हें विश्व चैम्पियन कांग मिन युक और सिओ सांग जाए ने हराया। अन्य भारतीयों में एच एस प्रणय आठवें नंबर पर पहुंच गए जबकि लक्ष्य सेन, किदाम्बी श्रीकांत और प्रियांशु राजावत क्रमशः 19वें, 25वें और 30वें स्थान पर बने हुए हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन : कोस्तयुक को हराकर कोको गॉफ सेमीफाइनल में

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

अमेरिका की चौथी वरीय कोको गॉफ ने मंगलवार को यहां मार्ता कोस्तयुक को तीन सेट चले कड़े मुकाबले में 7-6, 6-7, 6-2 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई। चौथी वरीय कोको गॉफ ने पहले सेट में 1-5 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए दो सेट प्वाइंट बचाए और फिर सेट जीत लिया। उन्होंने दूसरे सेट गंवाया लेकिन फिर तीसरा और निर्णायक सेट जीतकर तीन घंटे और आठ मिनट में जीत दर्ज की।



### कोको ने मुकाबले में कीं 51 गलतियां

*कोको गॉफ ने मुकाबले के दौरान 51 सहज गलतियां की जिसमें नौ डबल फॉल्ट भी शामिल हैं। वह सिर्फ 17 विनर ही लगा पाईं। सेमीफाइनल में कोको गॉफ भी भिड़ंत गत चैंपियन एरिना सबालेंका और नौवीं वरीय बारबरा क्रेसिकोवा के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगी। पिछले साल सितंबर में अमेरिकी ओपन जीतने वाली कोको गॉफ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में लगातार 12 मैच जीत चुकी हैं।*

## ऑस्ट्रेलिया के 5 और भारत के 2 खिलाड़ियों को टीम में मिली जगह

# 'टेस्ट टीम ऑफ द ईयर' के पैट कमिंस चुने गए कप्तान

एजेंसी ▶▶| दुबई

दुबई। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने 2023 की 'टेस्ट टीम ऑफ द ईयर' चुनी है। इस टीम में ऑस्ट्रेलिया के 5 खिलाड़ियों को जगह मिली है, जिसमें पैट कमिंस को टीम का कप्तान बनाया गया है। भारतीय टीम के 2 खिलाड़ी रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन इस टीम में जगह बनाने में सफल रहे हैं। टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके स्टुअर्ट ब्रॉड को भी टीम में मौका दिया गया है।

### ऐसी है पूरी टीम

ऑस्ट्रेलिया ने पिछले साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल जीता था। टीम के कई खिलाड़ियों का प्रदर्शन साल 2023 में कमाल का रहा था। आईसीसी की टीम में कंगारू टीम का प्रभुत्व साफ नजर आ रहा है। टेस्ट टीम ऑफ द ईयरः उस्मान ख्वाजा (ऑस्ट्रेलिया)



दिमुथ करुणारत्ने (श्रीलंका), केन विलियमसन (श्रीलंका), जो रूट (इंग्लैंड), ट्रेविस हेड (ऑस्ट्रेलिया), रविंद्र जडेजा (भारत), एलेक्स कैरी (विकेटकीपर, ऑस्ट्रेलिया), पैट कमिंस (ऑस्ट्रेलिया, कप्तान), रविचंद्रन अश्विन (भारत), मिचेल स्टार्क (ऑस्ट्रेलिया) और स्टुअर्ट ब्रॉड (इंग्लैंड)।

### शीर्षक्रम में इन खिलाड़ियों का हुआ चयन

ऑस्ट्रेलिया के ख्वाजा ने साल 2023 में ऑस्ट्रेलिया के लिए 13 टेस्ट मैच खेले थे। इसकी 24 पारियों में उन्होंने 1,210 रन बनाए थे। वह पिछले साल टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। करुणारत्ने ने पिछले साल 6 टेस्ट मैच खेले थे और इसकी 10 पारियों में 608 रन बनाए थे। विलियमसन ने साल 2023 में 7 टेस्ट मैच खेले थे और 695 रन बनाए थे।

### इन बल्लेबाजों को भी मिला मौका

रूट ने बीते साल इंग्लैंड के लिए 8 टेस्ट मैच खेले थे। इसकी 14 पारियों में उन्होंने 787 रन बनाए थे। हेड ने साल 2023 में ऑस्ट्रेलिया के लिए 12 टेस्ट खेले और इसकी 23 पारियों में 919 रन बनाए। विकेटकीपर कैरी ने पिछले साल 13 मैच में 461 रन बनाए थे। ऑलराउंडर जडेजा ने साल 2023 में 7 टेस्ट खेले थे और 281 रन बनाए थे।

### इन गेंदबाजों को मिला मौका

कमिंस ने पिछले साल 11 टेस्ट खेले थे और 42 विकेट लिए थे। अश्विन ने पिछले साल 7 टेस्ट की 13 पारियों में 41 विकेट लिए थे। तेज गेंदबाज स्टार्क ने 9 टेस्ट खेले थे और 38 विकेट लेने में कामयाब रहे थे। टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके ब्रॉड ने साल 2023 में 8 मुकाबले खेले थे और 38 विकेट लिए थे।




अयोध्या में करीब 500 साल बाद आखिरकार रामलला को अपना नया भवन मिल ही गया। टैंट से रामलला भव्य मंदिर में विराजित हो गए। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की दुनिया में गूंज रही। 22 जनवरी को पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में अयोध्या के भव्य और दिव्य राम मंदिर में प्रभु रामलला प्रतिष्ठापित हुए। इस दौरान पूरी दुनिया ने लाइव कवरेज देखा। पड़ोसी देश नेपाल से लेकर इजराइल और कोरिया तक दुनिया के देशों में राम उत्सव को लेकर क्या प्रतिक्रिया आई है। हर जगह राम ही राम।

# दुनिया के कई देशों में राम-राम



### दक्षिण कोरिया ने दी बधाई

भारत स्थित दक्षिण कोरियाई दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है। 'अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के समारोह पर बधाई। यह ऐतिहासिक जगह 48 ई. से ही अयोध्या की रानी श्रीरत्ना 'हीओ ह्वांग ओके' और गया 'कोरिया' के राजा किम सुरो के बीच वैवाहिक संबंध के आधार पर भारत कोरिया संबंधों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतीकात्मक महत्व रखता है।



### नेपाल ने रामलला की तस्वीर शेयर की लिखा-जय श्रीराम

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रामलला की मूर्ति का अनावरण किया गया। इस पर दुनिया के कई देशों के साथ ही नेपाल से भी प्रतिक्रिया आई है। नेपाल प्रभु श्रीराम का ससुराल भी है। नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा 'जय श्रीराम' भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्रीराम मंदिर का उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह का संपन्न होना सनातन धर्म के सभी अनुयायियों के लिए गौरव का पल है।'

### दर्शन के लिए उत्सुक हूं इजराइल के राजदूत

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने कहा 'राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के इस शुभ अवसर पर भारत के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं। यह दुनियाभर के भक्तों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। मैं अयोध्या में राममंदिर के जल्द दर्शन के लिए उत्सुक हूं।'



### न्यूजीलैंड ने की पीएम मोदी की तारीफ

प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले न्यूजीलैंड के नियमन 'रेगुलेशन' मंत्री डेविड सेमोर ने बधाई देते हुए कहा 'मैं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भारत के सभी लोगों को बधाई देना चाहता हूं। 500 वर्षों के बाद इस मंदिर का निर्माण संभव हो पाया है। मैं प्रधानमंत्री मोदी के साहस और ज्ञान की कामना करता हूं। मुझे राम मंदिर का दौरा करने में खुशी होगी।'

## खबर संक्षेप

### श्रीलंका ने नहीं घुसने दिया चीनी जहाज



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना समुद्री जहाजों के मूवमेंट पर लगातार नजर रख रही है। भारतीय नौसेना के एक अधिकारी ने कहा कि चीन का खुफिया जहाज जियांग यांग होंग 03 इंडोनेशिया के सुंडा स्ट्रेट से होते हुए हिंद महासागर में घुसा और अब मालदीव की तरफ बढ़ रहा है। यह मालदीव इसलिए जा रहा है, क्योंकि श्रीलंका ने इसे अपने किसी भी बंदरगाह पर रुकने की इजाजत नहीं दी। चीनी जासूसी जहाज जियांग यांग होंग 03 इसके पहले 2019 और 2020 में मालदीव के माले में लंगर डाल चुका है।

### चीन के जासूसी जहाज रखेगा मालदीव



**माले।** श्रीलंका ने चीनी जहाजों को अपने देश के बंदरगाहों पर रुकने के लिए एक साल का प्रतिबंध लगा दिया था। अब चीन ने मालदीव के रूप में एक नया ठिकाना ढूंढ़ लिया है। सुबह को इसकी आखिरी लोकेशन इंडोनेशिया के सुंडा जल डमरू मध्य के समीप थी जहां से इसने हिंद महासागर क्षेत्र में प्रवेश किया था। मालदीव की ओर जा रहा ये चीनी 'जासूसी' जहाज भारत और माले के बीच राजनयिक विवाद का एक नया कारण बन सकता है।

## नियमों में संशोधन का दिया सुझाव

# मस्क ने यूएनएससी में भारत की स्थाई सदस्यता की वकालत की



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता की वकालत की है। उन्होंने कहा है कि सबसे बड़ी आबादी वाला देश होने के नाते भारत को जगह मिलनी ही चाहिए। मस्क ने एक्स पर कहा है कि कुछ बिंदुओं पर विश्व की सबसे बड़ी संस्था संयुक्त राष्ट्र में बदलाव करने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सबसे बड़ी आबादी वाला देश को जगह मिलनी ही चाहिए। ऐसा नहीं किया जाना बेतुका है। उन्होंने यूएन प्रमुख एंटोनियो गुटरेस के ट्वीट को साझा कर अपना मत रखा है। टेस्ला प्रमुख एलन मस्क ने कहा कि अफ्रीका के लिए भी सामूहिक रूप से एक सीट होनी चाहिए। दरअसल गुटरेस ने कहा था कि अफ्रीका का नेतृत्व करने के लिए यूएनएससी में कोई भी नहीं है।

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद क्या है?

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के छह प्रमुख अंगों में से एक है। इसकी स्थापना 24 अक्टूबर 1945 को हुई थी। इस पर अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने, महासभा में संयुक्त राष्ट्र के नए सदस्यों के प्रवेश की सिफारिश करने और संयुक्त राष्ट्र में किसी भी बदलाव को मंजूरी देने की जिम्मेदारी है।सुरक्षा परिषद की संरचना की बात करें तो इसमें पांच स्थायी सदस्य हैं- अमेरिका, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और रूस। यह सामूहिक रूप से P5 के रूप में जाने जाते हैं। इनमें से कोई भी प्रस्ताव को वीटो कर सकता है। परिषद के दस निर्वाचित सदस्य भी होते हैं जिनका कार्यकाल सिर्फ दो साल का होता है। निर्वाचित सदस्यों को वीटो शक्ति नहीं दी जाती है।

### भारत क्यों बड़ा दावेदार है?

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् का स्थायी सदस्य बनने के इच्छुक सभी उम्मीदवारों में भारत सबसे अधिक मुखर है। भारत आज एक प्रमुख वैश्विक शक्ति केंद्र बन चुका है। भारत की सदस्यता का दावा इन तथ्यों पर आधारित है कि यह संयुक्त राष्ट्र के संस्थापक सदस्यों में से एक है, सबसे बड़ा लोकतंत्र है, दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश है, और पांचवीं सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है।

## मिस्र में भारतीय विशेष बल की टुकड़ी का संयुक्त युद्धाभ्यास शुरू

# बंधकों को छुड़ाने के तरीके और दुश्मनों के खात्मे के दांव-पेंचों का आदान-प्रदान

**युद्धाभ्यास 1 फरवरी तक मिस्र में चलेगा**

*भारत और मिस्र के बीच संयुक्त विशेष बल युद्धाभ्यास 'साइक्लोन' मंगलवार से शुरू हो गया है। अभ्यास के दूसरे संस्करण में भाग लेने के लिए 25 कर्मियों वाली भारतीय थल सेना की टुकड़ी मिस्र गई है। यह युद्ध अभ्यास 1 फरवरी तक अंशास, मिस्र में किया जाएगा। युद्धाभ्यास का पहला संस्करण पिछले साल भारत में किया गया था।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युद्धाभ्यास में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) के सैनिक कर रहे हैं। 25 कर्मियों वाले मिस्र के दल का प्रतिनिधित्व मिस्र के कमांडो स्क्वाड्रन और मिस्र के एयरबोर्न प्लाटून कर रही है। इस युद्धाभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अध्याय सात के तहत रेगिस्तानी, अर्ध रेगिस्तानी इलाकों में विशेष अभियानों की पृष्ठभूमि में दोनों पक्षों को एक-दूसरे की संचालन प्रक्रियाओं से परिचित कराना है।

### खास बातें

- युद्धाभ्यास 'साइक्लोन' के तहत सामरिक संबंध मजबूत बनाने का उद्देश्य
- मिस्र की टुकड़ी में 25 सैनिक शामिल
- भारत के पैराशूट रेजिमेंट के सैनिक कर रहे हैं नेतृत्व



### अंतिम चरण में बचाव के तरीके

*अभ्यास के तीसरे और अंतिम चरण में लड़ाई और बंधक बचाव परिदृश्यों पर आधारित संयुक्त सामरिक युद्धाभ्यास शामिल होगा। यह युद्धाभ्यास दोनों देशों के सैन्य दलों को अपने संबंधों को मजबूत करने और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने का अवसर प्रदान करेगा। यह साझा सुरक्षा उद्देश्यों को प्राप्त करने और दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य करेगा। यह युद्धाभ्यास दोनों देशों के सैन्यदलों को अपने संबंधों को मजबूत करने और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने का अवसर प्रदान करेगा। यह साझा सुरक्षा उद्देश्यों को प्राप्त करने और दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य करेगा*

### दोनों देशों की थल सेनाओं के बीच मजबूत होंगे संबंध

*इस युद्धाभ्यास 'साइक्लोन' को द्विपक्षीय सैन्य सहयोग विकसित करने और दोनों थल सेनाओं के बीच रिश्तों को मजबूत करने के लिए सामरिक सैन्य युद्धाभ्यासों के रिहर्सल और दोनों सेनाओं के बीच चर्चा के माध्यम से डिजाइन किया गया है। युद्धाभ्यास में उप-पारंपरिक क्षेत्र में विशेष अभियानों की योजना और उनका कार्यान्वयन शामिल होगा और इसे तीन चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में सैन्य प्रदर्शनियां और सामरिक बातचीत शामिल होगी। दूसरे चरण में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), काउंटर आईईडी और कॉम्बैट फर्स्ट एड पर प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।*

## 29 लड़ाकू विमान, झांकियों में चंद्रयान-3 और भगवान राम की दिखेगी झलक

# गणतंत्र परेड में भारतीय एयरफोर्स के 51 स्वदेशी एयरक्राफ्ट शामिल होंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस के फ्लाई-पास्ट में भारतीय एयरफोर्स के 51 एयरक्राफ्ट शामिल होंगे। इनमें 29 फाइटर प्लेन, 7 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट, 9 हेलिकॉप्टर और एक हेरिटेज एयरक्राफ्ट शामिल होगा। इन्हें 6 अलग-अलग बेस से ऑपरेट किया जाएगा। गणतंत्र दिवस की परेड के दौरान 16 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों और 9 मंत्रालयों और विभागों की 25 झांकियां शामिल होंगी। अनुसंधान केंद्र,



निर्वाचन आयोग और केंद्रीय लोक निर्माण विभाग मंत्रालय की झांकियां नजर आएंगी। इसरो की झांकी में चंद्रयान-3 सबसे प्रमुख हाई लाइट होगी। इस झांकी में चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग, चंद्रमा के साउथ पोल पर उसकी सफल लैंडिंग और चंद्रयान-3 के लैंडिंग पॉइंट 'शिव शक्ति पॉइंट' को भी दिखाया जाएगा।

### पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट

पिनाका रॉकेट सिस्टम के नए वर्जन की रेंज बढ़ाई गई है जो 45 किमी की दूरी तक टार्गेट नष्ट कर सकेगा। इस रॉकेट सिस्टम को पुणे की आर्मामेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट इस्टैबलिश्मेंट और हाई इनर्जी मटैरियल रिसर्च लैबोरेटरी में संयुक्त रूप से बनाया गया है।

### हेलिकॉप्टर रुद्र

एएलएच ध्रुव चॉपर्स का वेपनाइज्ड वर्जन। वेपन सिस्टम में पिनाका और स्वाती रडार भी शामिल होगा। इन्हें भी डीआरडीओ ने विकसित किया है।

### वेपन सिस्टम

टी-90 टैंक, बीएमपी-2 इंफेंट्री कॉम्बैट व्हीकल, ड्रोन जैमर्स, एडवांस्ड सरवत्र ब्रिज, मीडियम रैंज सर्फेस टु एयर मिसाइल लॉन्चर और मल्टी फंक्शन रडार।

### नाग एंटी-टैंक मिसाइल

डीआरडीओ की बनाई हुई मिसाइल दिन और रात दोनों में दुश्मन के मजबूत से मजबूत टैंक को एंगेज कर सकता है।

### झांकी में शामिल होंगे, एयरक्राफ्ट और मिसाइल

प्रचंड चॉपरः हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड का बनाया पहला स्वदेशी मल्टी-रोल कॉम्बैट हेलिकॉप्टर।

### पीएम मोदी संग रोड शो करेंगे फ्रांस के राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** भारत में 26 जनवरी की तारीख को होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के लिए जोर-शोर से तैयारियां पूरी की जा रही हैं। सेना के विभिन्न अंगों के जवान कर्तव्य पथ पर होने वाली परेड के लिए तैयारियां कर रहे हैं। पीएम मोदी भी 25 जनवरी को जयपुर के प्रस्तावित दौरे पर होंगे। पीएम मोदी और मैक्रों जयपुर में रोड शो करेंगे। ये रोड शो सांगानेरी गेट से शुरू होगा। रोड शो जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़ से गुजरते हुए त्रिपोलिया गेट पहुंचेगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109